E-PEPAR WWW.DENIKSHUBHBHASKAR.COM // WWW.DENIKSHUBHBHASKAR.COM

झांसी, उत्तरप्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, दरभंगा ,बिहार ,रांची, झारखंड, भोपाल, मध्य प्रदेश से एक साथ प्रकाशित



# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ....




RNI : UPHIN/2015/64737

वर्ष -16 अंक- 280 | झांसी,सोमवार/06/ नम्बर/2023 | पृष्ठ -6 मूल्य -02 रूपये

## वोकल फॉर लोकल से जनजातियों का भी हो रहा विकास

# अमृत काल के पहले वर्ष में पड़ने वाली यह दीपावली संकल्प शक्ति से युक्त भारत के नवनिर्माण की दिवाली है

**दिल्ली।** भारत अमृत काल पहला वर्ष मना रहा है। अमृत काल के पहले वर्ष में पड़ने वाली यह दीपावली संकल्प शक्ति से युक्त भारत के नवनिर्माण की दिवाली है। यह दिवाली अमृत यात्रा से भारत को विकसित बनाकर सशक्त करने की शुरुआत करेगी। भारतीय रीति और परंपराओं के जरिए त्योहार से देश के जन-जन को एक संकल्प से जोड़ा है। इसी के जरिए राष्ट्र को आत्मनिर्भरता के मार्ग पर चलने का अवसर भी मिला है जिसका प्रमुख उदाहरण है लोकल के लिए वोकल। स्वर का लोकल का ही नतीजा है कि भारत के श्रम की महक चारों दिशाओं में फैलने लगी है। एक समय ऐसा था कि कई उत्पादों के लिए भारत को कभी आयात पर निर्भर रहना पड़ता था लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वर का लोकल और आत्मनिर्भर भारत के आह्वान से यह धारा बदल गई है। स्वर का लोकल अभियान से न केवल विकसित भारत के संकल्प का आधार बना है बल्कि दशकों से सुदूर क्षेत्र में रहने वाले आदिवासी हो या फिर अन्य वंचित पिछड़े वर्ग के लोग जिनके उत्पादन और कल को एक विशेष क्षेत्र तक सीमित कर दिया गया था उन्हें भी इस लोकल फॉर वोकल के जरिए नई उम्मीद और नया अवसर मिला है।इस अभियान के जरिए जनजातीय चेहरों पर नई मुस्कान आई है। हर भारतीय ने स्थानीय स्तर पर बने स्वदेशी उत्पाद की भावना से खुद को गर्वित महसूस किया। आज के समय में भारत में इस अभियान के तहत कड़ी के खिलौने से लेकर रक्षा से इलेक्ट्रॉनिक्स तक केंद्र सरकार ने कई महत्वपूर्ण कदम उठानयी ए हैं जिससे वह कल का लोकल और आत्मनिर्भर भारत की नींव मजबूत हुई है। भारत इतना सशक्त हो गया है कि आज सेवा के उपकरण साइकिल से लेकर बाइक त क



मोबाइल से लेकर कर तक घरेलू उत्पाद से लेकर मेडिकल डिवाइस तक सब कुछ मेड इन इंडिया के तहत बनाया जा रहा है। मेड इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत जैसे आह्वानों से देश की महक हर तरफ फैल रही है। भारतीय जनता अब लोकल उत्पाद खरीदने के साथ ही उनका प्रचार भ ी क र रही है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में भारत को मजबूत स्थिति दिलाने के लिए वह कल का लोकल को अमृत कल का मंत्र बनाया गया है। विदेशी उत्पादों के अलावा अब हर तरफ स्वर का लोकल की अलग गूंजती दिख रही है। इसके तहत नई इनोवेशन, नई इच्छा शक्ति के साथ अपनी ताकत को पहचान कर भारत आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। आजादी के अमृत काल में देश ने फैसला किया है कि वह कल का लोकल के हवन से भारत की जनजातीय परंपराओं को इसकी शौर्य गाथाओं को देश के कोने-कोने तक फैला कर इसे नई और भव्य पहचान दी जाएगी।गौतम है कि भारत का विकास लोकल का लोकल के मंत्री में छिपा हुआ है।

## आदित्यनाथ में राम मंदिर का निर्माण

# भारत के भीतर राम राज्य की उद्घोषणा की शुरुआत है - मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**सुकमा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भारत के अंदर राम राज्य की उद्घोषणा की शुरुआत है, जहां जाति और धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होगा। छत्तीसगढ़ के कोंटा विधानसभा क्षेत्र में एक रैली को संबोधित करते हुए भाजपा नेता ने छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार पर राज्य में 'लव जिहाद' और धर्मांतरण को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

सुकमा जिले की कोंटा सीट उन 20 विधानसभा क्षेत्रों में से एक है, जहां पहले चरण में मतदान होगा। राज्य के 90 सदस्यीय विधानसभा के लिए दो चरणों में मतदान होगा। पहले चरण में 20 सीटों पर तथा अन्य 70 सीटों पर 17 नवंबर को दूसरे चरण में मतदान होगा। पहले चरण के लिए प्रचार रविवार शाम को समाप्त हो जाएगा। योगी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा,



''अयोध्या में भगवान राम के मंदिर का निर्माण जनवरी में पूरा हो जाएगा। इससे उत्तर प्रदेश से अधिक छत्तीसगढ़ के लोगों को खुश होना चाहिए क्योंकि छत्तीसगढ़ भगवान राम का ननिहाल है। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण भारत के अंदर राम राज्य की उद्घोषणा की शुरुआत है।''उन्होंने कहा, ''राम राज्य का अर्थ है ऐसा शासन जहां जाति और धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होगा। योजनाओं का लाभ गरीबों, वंचितों, आदिवासियों सहित हर व्यक्ति तक पहुंचे। योजना का लाभ सभी तक सीधे पहुंचना चाहिए। सभी को सुरक्षा, सुविधाएं और संसाधनों पर अधिकार मिले, यही राम राज्य है।'' योगी ने केंद्र सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा, ''याद रखें, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने वास्तव में पिछले साढ़े नौ वर्षों में पूरे देश में राम राज्य की नींव रखी है।

## एसएफजे मुखिया पन्नू की धमकी, अब बढ़ाई जाएगी एयर इंडिया फ्लाइट की सुरक्षा

प्रतिबंधित सिख संगठन सिख फॉर जस्टिस के मुखिया गुरपतवंत सिंह पन्नू ने भारत को एक बार फिर से धमकी दी है। शनिवार को धमकी देते हुए पन्नू ने कहा था कि सिख समुदाय से ताल्लुक रखने वाले लोग 19 नवंबर को एयर इंडिया की फ्लाइट में सफर न करें। ऐसा करना उनकी जान के लिए मुश्किल भरा हो सकता है।गुरपतवंत सिंह पन्नू की इस धमकी के बाद भारत कनाडा आने जाने वाली फ्लाइट की सुरक्षा को बढ़ाने का फैसला किया गया है। इस संबंध में एयर इंडिया की फ्लाइट की सुरक्षा व्यवस्था में बढ़ोतरी करने के लिए भारत कनाडा के अधिकारियों से बातचीत भी करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक इटावा में भारत के उच्च आयुक्त संजय कुमार वर्मा ने कहा है कि हम कनाडा से आने जाने वाले एयर इंडिया की फ्लाइट में संभावित खतरे को देखते हुए कनाडाई अधिकारियों से मिलेंगे। उनके सामने ये मुद्दा उठाएंगे। भारत और कनाडा के बीच द्वीपक्षीय नागरिक उड्डयन समझौते में इस तरह के खतरों से निपटने के नियम भी दिए गए है।

## फिलिस्तीन में तत्काल संघर्षविराम कराना चाहिए, अंतरराष्ट्रीय समुदाय से प्रियंका गांधी वाद्रा की अपील

नयी दिल्ली। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने ''स्वतंत्र दुनिया'' के नेताओं पर फिलिस्तीन में हजारों लोगों के ''नरसंहार'' में मददगार होने का आरोप लगाया और मांग की कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को वहां तत्काल संघर्षविराम कराना चाहिए। वाद्रा ने इजराइल या 'स्वतंत्र दुनिया' के किसी भी देश का नाम लिए बिना स्थिति को भयावह बताया और कहा कि लगभग 10,000 आम लोगों का कत्लेआम हुआ है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, यह इतना भयावह और शर्मनाक है कि इसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। करीब 5,000 बच्चों समेत लगभग 10,000 आम लोगों का कत्लेआम हुआ है और पूरे के पूरे परिवार खत्म हो गए हैं। अस्पतालों एवं एंबुलेंस पर बमबारी की गई है, शरणार्थी शिविरों को निशाना बनाया गया है और फिर भी 'स्वतंत्र' दुनिया के तथाकथित नेता फिलिस्तीन में नरसंहार का वित्त पोषण और समर्थन जारी रखे हुए हैं।कांग्रेस नेता ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को कम से कम यह कदम तो उठाना चाहिए कि तत्काल संघर्षविराम कराया जाए, ''अन्यथा इसका कोई नैतिक औचित्य नहीं बचेगा।'' स्वास्थ्य अधिकारियों के मुताबिक, इजराइली युद्धक विमानों ने रविवार तड़के गाजा पट्टी में एक शरणार्थी शिविर पर हमला किया, जिसमें कम से कम 33 लोग मारे गए और दर्जनों लोग घायल हो गए।

## डोंगरगढ़ का पीएम मोदी ने किया दौरा, आचार्य विद्यासागर महाराज से भी की मुलाकात

राजनांदगांव। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में प्रसिद्ध तीर्थ स्थल डोंगरगढ़ का दौरा किया और जैन मुनि आचार्य विद्यासागर महाराज से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने डोंगरगढ़ में बम्लेश्वरी मंदिर की पहाड़ी की तलहटी पर स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर में भी पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया में अपनी तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें वह आचार्य विद्यासागर महाराज का आशीर्वाद लेते नजर आ रहे हैं।अपने 'एक्स' हैंडल पर प्रधानमंत्री ने लिखा, छत्तीसगढ़ के डोंगरगढ़ में चंद्रगिरि जैन मंदिर में आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज का आशीर्वाद पाकर धन्य महसूस कर रहा हूं। भाजपा की छत्तीसगढ़ इकाई ने अपने 'एक्स' हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है जिसमें प्रधानमंत्री को बम्लेश्वरी मंदिर में को प्रसाद चढ़ाते हुए तथा पूजा-अर्चना करते हुए देखा जा सकता है। भाजपा ने लिखा है, भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने डोंगरगढ़ स्थित बम्लेश्वरी माता मंदिर में बम्लेश्वरी मैया के दर्शन किये और उनकी पूजा-अर्चना कर भारत के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की।प्रधानमंत्री के साथ राजनांदगांव क्षेत्र के विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह भी थे। 90 सदस्यीय राज्य विधानसभा के लिए सात और 17 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा। डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र उन बीस सीट में से एक है, जहां सात नवंबर को पहले चरण में मतदान होगा। अन्य 70 निर्वाचन क्षेत्रों में दूसरे चरण में वोट डाले जाएंगे।

## चुनाव के लिए भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) ने जारी की 14 उम्मीदवारों की पहली सूची

हैदराबाद। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने तेलंगाना विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे को लेकर समझौता करने में विफल रहने के बाद रविवार को 14 उम्मीदवारों की अपनी पहली सूची जारी की। खम्मम जिले के पलैर से माकपा के राज्य सचिव तम्मीनेनी वीरभद्रम चुनाव लड़ेंगे, जबकि मिर्यालगुडा सीट से पूर्व विधायक जुलकांति रंगा रेड्डी अपनी किस्मत आजमाएंगे।वीरभद्रम ने संवाददाताओं से कहा कि पार्टी ने पहले 17 सीट पर चुनाव लड़ने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि पार्टी कुछ और सीट पर उम्मीदवार खड़े करने को लेकर चर्चा कर रही है। राज्य की 119 सदस्यीय विधानसभा के लिए 30 नवंबर को मतदान होगा।

## रेव पार्टी में जहर पर हो रहा है एक्शन, जब्त हुए सैंपल की होगी जांच

**नयी दिल्ली।** नोएडा पुलिस ने सांप के जहर के अब तक जो भी सैंपल अब तक बरामद किए हैं उन्हें जांच के लिए लखनऊ की लाभ में भेजा जाएगा। बिग बॉस ओटीटी के विनर एलविश यादव की इस मामले में संलिप्तता होने के बाद यह मामला लगातार पल पकड़ता जा रहा है। वहीं अब कोर्ट ने भी इजाजत दे दी है कि जो जहर के सैंपल मिले हैं उनकी जांच लखनऊ की लैब करेगी।लखनऊ की लाभ यह पता लगाएगी कि जहर कैसे सांप का है और यह कितना घातक है। बता दे कि इस मामले में नेशनल वाइल्डलाइफ क्राइम कंट्रोल ब्यूरो भी जांच करने में जुटा हुआ है। उत्तर प्रदेश के वन्य जीव विभाग की तरफ से ब्यूरो को पत्र लिखा गया था। नोएडा पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के बाद वन विभाग के गौतम बुद्ध



नगर सेक्टर में भी इस मामले में मामला दर्ज कर लिया है। यह मामला बेहद गंभीर है जिसे देखते हुए अब डीएफओ ने फैसला किया है कि मामला कोर्ट में दर्ज किया जाएगा। यह भी संभावना जताई गई है कि स्नेक वेनम सप्लायर के तार सिर्फ उत्तर भारत ही नहीं बल्कि दक्षिण भारत से भी जुड़े हो सकते हैं।बता दें कि नोएडा पुलिस और वन विभाग की टीम ने मिलकर 2 नवंबर को बड़े स्तर पर छापेमारी कर पांच लोगों को 9 सांपों के साथ गिरफ्तार किया था।

## राहुल गांधी ने किया केदारनाथ के दर्शन, अखाड़ा परिषद ने धार्मिक यात्रा को बताया ढोंग

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी विधानसभा चुनाव के प्रचार के बीच 5 नवंबर को केदारनाथ धाम पहुंचे हैं। राहुल गांधी पांच राज्यों और आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी की जीत के लिए केदारनाथ धाम पहुंचे। केदारनाथ पहुंचने के बाद उन्होंने पूजा अर्चना की और पुजारी से मुलाकात भी की। कांग्रेस सांसद आगामी तीन दिनों तक उत्तराखंड में ही रुकने वाले हैं। उत्तराखंड से दिल्ली के लिए राहुल गांधी की वापसी मंगलवार को होगी।उत्तराखंड में राहुल गांधी का तीन दिवसीय दौराराहुल गांधी उत्तराखंड में तीन दिवसीय दौरे पर रहने वाले हैं। राहुल जॉली ग्रांट एयरपोर्ट पर दोपहर उतरे और यहां से केदारनाथ धाम हेलीकॉप्टर के जरिए पहुंचे हैं। राहुल गांधी ने बेहद सादगी के साथ केदारनाथ धाम में बाबा के दर्शन किए हैं। केदारनाथ धाम जाने के दौरान राहुल गांधी सुरक्षा काफिले के साथ नहीं पहुंचे। राहुल गांधी की इस उत्तराखंड यात्रा के दौरान उत्तराखंड कांग्रेस के नेताओं ने उनका स्वागत किया है। उत्तराखंड कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि राहुल गांधी निजी धार्मिक यात्रा पर उत्तराखंड पहुंचे हैं।कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी की इस निजी यात्रा का सम्मान करते हुए उनका स्वागत किया है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि अगली बार जब राहुल गांधी राजनीतिक यात्रा पर उत्तराखंड आएंगे तब कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर सकेंगे। वहीं राहुल गांधी की इस धार्मिक यात्रा पर राजनीति भी होने लगी है।राहुल गांधी की इस यात्रा को लेकर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी ने कहा है कि राम को नहीं मानने वाले का कभी भी भला नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा दिखावा है। वह भी थे एक वर्ष से यात्राएं कर रहे हैं लेकिन उनके प्रवक्ता लगातार भगवान राम और सनातन धर्म का विरोध करते नजर आते हैं। कांग्रेस पार्टी के नेताओं के बयान से साफ़ है कि चुनाव के पहले वह सिर्फ़ धार्मिक यात्रा पर जाकर दिखावा कर रहे है।

# सभी महिला सैनिकों को समान रूप से दिया जाएगा मातृत्व, शिशु देखभाल अवकाश


**नयी दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सभी महिला सैन्यकर्मियों को समान रूप से मातृत्व, शिशु देखभाल और दत्तक ग्रहण अवकाश देने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि यह निर्णय सशस्त्र बलों में हर रैंक की महिलाओं की ''समावेशी भागीदारी'' सुनिश्चित करने के सिंह के दृष्टिकोण के अनुरूप है।उसने कहा कि इस कदम से सेना में महिलाओं को अपने पेशेवर एवं पारिवारिक जीवन को बेहतर तरीके से संतुलित करने में मदद मिलेगी तथा इससे कामकाजी स्थिति में सुधार होगा। मंत्रालय ने कहा ''रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सशस्त्र बलों में महिला सैनिकों,



नाविकों और वायु सैनिकों के लिए उनकी समकक्ष अधिकारियों के बराबर मातृत्व, शिशु देखभाल और दत्तक ग्रहण अवकाश देने संबंधी नियमों को लागू करने से जुड़े प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।''मंत्रालय ने कहा, ''इन नियमों के जारी हो जाने से सेना में सभी महिलाओं को समान रूप से ये छुट्टियां मिलेंगी, भले ही वे कोई अधिकारी हो या किसी अन्य रैंक पर कार्यरत हों।'' अधिकारियों ने बताया कि इस समय महिला अधिकारियों को हर बच्चे के लिए 180 दिन का मातृत्व अवकाश मिलता है। यह नियम अधिकतम दो बच्चों पर लागू होता है। उन्होंने बताया कि महिला अधिकारियों को संपूर्ण सेवा कार्यालय में 360 दिन का शिशु देखभाल अवकाश मिलता है। इसके लिए बच्चे की आयु 18 वर्ष से कम होनी चाहिए।उन्होंने बताया कि एक वर्ष से कम उम्र के बच्चे को गोद लेने की वैध तिथि के बाद 180 दिनों की दत्तक ग्रहण छुट्टी दी जाती है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''अवकाश संबंधी नियमों के विस्तार से सशस्त्र बलों में महिला-विशिष्ट पारिवारिक और सामाजिक समस्याओं से निपटने में काफी मदद मिलेगी।'' उसने कहा,

# मथुरा में 14 नवंबर से शुरू होगा ब्रजरज उत्सव, दो सप्ताह तक चलेगा

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद 14 नवंबर से दो सप्ताह तक चलने वाले ब्रजरज उत्सव का आयोजन करेगी। एक प्रशासनिक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। इस बार यह उत्सव महान कृष्णभक्त मीराबाई की 525वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। नृत्य नाटिका का आयोजन इस उत्सव का मुख्य आकर्षण होगा जिसमें फिल्म अभिनेत्री तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की स्थानीय सांसद हेमामालिनी मीराबाई के किरदार में नजर आएंगी।परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी एवं मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष नगेंद्र प्रताप ने बताया कि उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद की ओर से हर साल आयोजित होने वाला ब्रजरज उत्सव मथुरा ही नहीं, आसपास के जिलों के कलाकारों के लिए एक बड़ा मंच प्रदान करता है। इस वर्ष ब्रजरज उत्सव दीपावली के ठीक बाद 14 से 27 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा, जो कि कृष्णभक्त मीराबाई की 525वीं जयंती के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पहले यह उत्सव 11 दिन का होता



था, लेकिन अब यह उत्सव 14 दिन तक आयोजित किया जाएगा और इसके कलाकारों की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।इस वर्ष ब्रजरज उत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण हेमामालिनी की टीम द्वारा मीराबाई की थीम पर नृत्य नाटिका की वह खास प्रस्तुति होगी, जिसमें वह भगवान श्रीकृष्ण के प्रति मीराबाई के समर्पण, भक्ति और विरह को अपनी भाव-भंगिमाओं से प्रदर्शित करेंगी। यह कार्यक्रम 17 नवंबर को होगा। ब्रजरज उत्सव का आयोजन मुख्यतः रेलवे के मैदान पर किया जाएगा। जबकि 15, 16 व 17 नवंबर के मुख्य कार्यक्रम पं. दीनदयाल उपाध्याय सभागार, उप्र पं. दीनदयाल उपाध्याय पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान में प्रस्तुत किए जाएंगे। इस दौरान अनेक विद्यालयों के विद्यार्थी दोपहर 12 बजे से दो बजे तक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे।

## राकांपा का अजित पवार के नेतृत्व वाला धड़ा आम चुनाव में शत-प्रतिशत जीत दर्ज करेगा - तटकरे

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के सांसद सुनील तटकरे ने लोकसभा चुनावों को लेकर बड़ा दावा कर दिया है। रविवार को उन्होंने कहा कि पार्टी का अजित पवार के नेतृत्व वाला धड़ा 2024 के लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत सफलता हासिल करेगा। तटकरे ने यहां संवाददाताओं से कहा कि पार्टी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगी के तौर पर आगामी चुनाव लड़ेगी।लोकसभा सदस्य तटकरे ने कहा, ''मुझे विश्वास है कि राज्य की जनता अजित पवार के नेतृत्व में पार्टी द्वारा अपनाये गये राजनीतिक रुख पर सहमति की मुहर लगायेगी।'' अजित पवार और आठ विधायकों द्वारा एकनाथ शिंदे सरकार में शामिल होने के बाद दो जुलाई को राकांपा विभाजित हो गयी थी।उसके बाद पार्टी संस्थापक शरद पवार की अगुवाई वाले गुट ने उन्हें अयोग्य ठहराने की मांग करते हुए



याचिका दायर की थी। तटकरे ने कहा कि राकांपा (का अजित पवार धड़ा) एकनाथ शिंदे, देवेंद्र फड़णवीस और अजित पवार के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव लड़ेगी और उन्हें विश्वास है कि पार्टी जीतेगी। उन्होंने कहा कि सीटों के बंटवारे और तालमेल पर फैसला आम सहमति से लिया जाएगा। उन्होंने कहा, '' हम अजित पवार को मुख्यमंत्री के रूप में देखना चाहते हैं। फिलहाल लोकसभा और विधानसभा चुनाव की राजनीतिक चुनौतियां हैं।'' पूर्वी विदर्भ क्षेत्र की यात्रा कर रहे तटकरे ने नागपुर में पाटी कार्यकर्ताओं को संबोधित भी किया।

# आचार समिति मोइत्रा के खिलाफमसौदा रिपोर्ट को स्वीकार करने के लिए सात नवंबर को करेगी बैठक

**नयी दिल्ली।** लोकसभा की आचार समिति तृणमूल कांग्रेस सांसद महुआ मोइत्रा के विरुद्ध भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद निशिकांत दुबे द्वारा 'पैसे लेकर प्रश्न पूछने' के आरोपों से जुड़ी जांच की मसौदा रिपोर्ट पर विचार करने और उसे स्वीकार करने के लिए सात नवंबर को बैठक करेगी। समिति द्वारा मसौदा रिपोर्ट को स्वीकार करने के लिए बैठक आयोजित करने का अभिप्राय है कि भाजपा सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली समिति ने अपनी जांच पूरी कर ली है और अब वह अपनी सिफारिश करेगी।इसके पहले समिति के सदस्य दो नवंबर को पिछली बैठक के दौरान अपनी-अपनी पार्टी के रुख के अनुरूप बंटे दिखे थे। आचार समिति में 15 सदस्य हैं जिनमें बहुमत भाजपा का है। समिति



मोइत्रा के आचरण पर गंभीर रुख अपना सकती है, खासकर तब जब उन्होंने पिछली बैठक में सोनकर पर उनसे तुच्छ और व्यक्तिगत सवाल पूछने का आरोप लगाते हुए विपक्षी सदस्यों के साथ बैठक से बहिर्गमन किया था। ऐसे संकेत है कि समिति लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को सौंपी जाने वाली रिपोर्ट में मोइत्रा के खिलाफसिफारिश कर सकती है।ऐसी भी संभावना है कि विपक्षी सदस्य असहमति व्यक्त कर सकते हैं। समिति में शामिल पांच विपक्षी सदस्य दो नवंबर की बैठक से यह आरोप लगाते हुए बाहर निकल गए थे कि सोनकर ने मोइत्रा से उनकी यात्रा, होटल में ठहरने और टेलीफोन कॉल को लेकर निजी और अभद्र सवाल किए हैं। मोइत्रा ने बाद में आरोप लगाया कि बैठक में 'शब्दों से वस्त्रहरण' किया गया। समिति के अध्यक्ष ने विपक्षी सदस्यों के दावों का खारिज करते हुए दावा किया कि यह उन्हें (मोइत्रा को) बचाने के लिए किया गया अनैतिक व्यवहार का मामला है।मोइत्रा जांच के संबंध में समिति के सामने पेश हुई थीं और इस प्रकार उनके पास संसद सदस्य के तौर पर प्राप्त विशेषाधिकार नहीं था। समिति अपनी रिपोर्ट में बैठक से उनके बहिर्गमन के कदम को गंभीरता से ले सकती है।

# समाजवादी पार्टी महिला सभा की जिला कार्यकारिणी घोषित

## त्रिवेणी प्रजापति बनी महासचिव,मीरा कोषाध्यक्ष






**उरई(जालौन)।** आज समाजवादी पार्टी कार्यालय उरई में सपा 'महिला सभा जिला अध्यक्ष कुसुम सक्सेना की अध्यक्षता' में और 'प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव' के मुख्य आतिथ्य में 40 सदस्यीय जिला कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसका 'संचालन जिला प्रवक्ता महेश चंद्र विश्वकर्मा' ने किया। जिला अध्यक्ष कुसुम सक्सेना ने कार्यकारिणी घोषित करते हुए कहा कि उन्होंने 40 सदस्यीय 'जिला कार्यकारिणी बनाई है जिसमें' त्रिवेणी प्रजापति को जिला महासचिव,और शमीमा, विनीत वर्मा, कुसुम दुबे ,गुड्डन यादव, शकुंतला पाल, सुनीता अग्रवाल, शेफाली श्रीवास्तव ,मुन्नी राठौर ,नूरी बानो, सुनीता जाटव ,गुड्डी पटेल,आदि 12 महिलाओं को 'जिला उपाध्यक्ष' पदों पर नामित किया गया। जिला सचिव पदों पर मुन्नी वाल्मीकि, कल्पना तिवारी, कामिनी विश्वकर्मा, पुष्पा चौहान, लक्ष्मी राजपूत, शिव कांति, रुचि पाल, प्रिया शाक्य ,राजकुमारी यादव, शशि कुशवाहा ,शबाना खातून, अमृत कुमारी दोहरे, कल्पना श्रीवास्तव, शोभा अहिरवार ,सीता पांडे आदि 18 महिलाओं को नामित किया गया। 'सदस्य पदों' पर अहिल्या कठैरिया,मजहवी खां, राजकुमारी कुशवाहा,शीला श्रीवास, रानी देवी, शोभा परिहार, रूबी सोनी आदि 8 महिलाओं को नामित किया गया है।वही 'नगर अध्यक्ष पदो' पर उरई नगर अध्यक्ष शैलजा वर्मा, जालौन नगर अध्यक्ष माया वर्मा, कोच नगर अध्यक्ष कमलेश देवी नामदेव, कालपी नगर अध्यक्ष सत्यवती यादव,नगर पंचायत कोटरा अध्यक्ष माया वर्मा,नगर पंचायत कदौरा सुधा परिहार,नगर पंचायत ऊमरी रेखा खटीक,नगर पंचायत नदीगांव मधु वर्मा,नगर पंचायत माधौगढ़ दीप सिंह राजावत,नगर पंचायत एट, रानी प्रजापति आदि को नामित किया गया। वही 'विधानसभा अध्यक्ष' उरई संतोषी प्रजापति को विधानसभा उरई द्वितीय विधानसभा अध्यक्ष संतोषी श्रीवास्तव विधानसभा अध्यक्ष कालपी बेबी शाह विधानसभा अध्यक्ष प्रथम माधवगढ़ सुधा सिंह राजावत विधानसभा अध्यक्ष द्वितीय माधवगढ़ सरोज भाई किन्नर को बनाया गया है। जनपद के ब्लॉक अध्यक्ष पदो पर पूजा निषाद को ब्लॉक अध्यक्ष रामपुरा, कीर्ति वर्मा को ब्लॉक अध्यक्ष नदीगांव बबीता वर्मा को ब्लॉक अध्यक्ष जालौन ज्योति यादव को ब्लाक अध्यक्ष कोच शशि सिंह परिहार को ब्लॉक अध्यक्ष का कदौरा जायदा बानो को ब्लॉक अध्यक्ष माधवगढ़ बनाया गया है। सभी नवनामित पदाधिकारीयों को को जिला अध्यक्ष कुसुम सक्सेना और प्रदेश अध्यक्ष जी रीबू श्रीवास्तव ने माला पहनाकर तथा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। 'प्रदेश अध्यक्ष रीबू श्रीवास्तव' ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा मातृ शक्ति नाम का अभियान चला कर महिलाओं को गुमराह कर रही है इसलिए समाजवादी पार्टी बूथ स्तर पर भगवती चौपाल लगाकर भाजपा के झूठ का खुलासा करके महिलाओं को समाजवादी पार्टी में जोड़ने का काम करने का अभियान चला रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा, पूरी तरह से ध्वस्त है। महिलाओं के साथ रोज अन्याय और अत्याचार हो रहा है चारों तरफ अपराध का बोल वाला है। महंगाई की मार ने रसोई का स्वाद बिगाड़ दिया है। ऐसी निकम्मी सरकार को उखाड़ कर फेंकना है। अंत में जिला अध्यक्ष कुसुम सक्सेना ने महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए निष्ठा और ईमानदारी से काम करके समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने की अपील की। इस मौके जिला महासचिव जमालुद्दीन,बरिष्ठ नेता रामरतन प्रजापति, महेश चंद्र विश्वकर्मा,भानू प्रताप राजपूत,वेद प्रकाश यादव, महेश शिरोमणि,कय्युम करीमी,रश्मि पाल,मीरा राठौर,गुडडन यादव, अनूप बाल्मीकि, जीतू यादव,रशीद बाबा, हिमांशु खरकिया, सहित अन्य सपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मिर्चा से लोड ट्रक यमुना ब्रिज के पास अनियंत्रित होकर खाई में पलटा



**कालपी (उरई)।** मिर्चा से लोड ट्रक नगर के यमुना ब्रिज के समीप अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया जिसमें चालक व परिचालक घायल हो गये जिन्हे सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया गया। नगर के यमुना पुल के समीप एक ट्रक कानपुर से झासी मिर्चा लोड कर रविवार की। सुबह जा रहा था जैसे ही ट्रक ने पुल पार किया तो चालक को नींद आ गई जिस से तेज रफ्तार ट्रक सडक से हाइवे की टीन की। बैरीकैटिंग को तोडता हुआ गहरी खाई में जा गिरा सुबह चार बजे यह हादसा हुआ जिसमें ट्रक चालक अंकित बैरागी पुत्र घनश्याम दास बैरागी उम्र लगभग 38 वर्ष निवासी भोपाल मध्य प्रदेश व शंकर तिवारी पुत्र ओमप्रकाश तिवारी उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम हरहरा भोगनीपुर घायल हो गए मौके पर पहुची पुलिस ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर उनका उपचार किया गया इस दुर्घटना में दोनो की। जान बाल बाल बच गई।



# केतवाली में पीस कमेटी की बैठक आयोजित

**माधौगढ(उरई)।** कोतवाली परिसर पर आगामी त्योहारों को देखते हुए सी ओ शैलेन्द्र कुमार वाजपेयी की अध्यक्षता में कोतवाल अखिलेश दुवेदी की मौजूदगी में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई जिसमें दीपावली के त्योहार पर्व को सौहार्द के साथ मनाने की परंपरा के तहत अपील की गई कोतवाली परिसर पर बैठक में बोलते हुए सी ओ शैलेन्द्र कुमार वाजपेयी ने कहा कि आगामी त्योहार दीपावली का पर्व साल में एक बार आता है और सभी लोगों को चाहिए परिवार के साथ बड़ी हंसी-खुशी के साथ मनाए और कोई भी व्यक्ति जुआं शराब का सेवन न करे अगर किसी तरह की सूचना मिलती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी कोतवाल अखिलेश दुवेदी ने बताया कि दीपावली का त्योंहार रोशनी व मिठाईयों का त्योंहार है सभी लोग एक दूसरे को खिला कर मुह मीठा कर मनाए लेकिन नये सिरे से कोई कार्यक्रम नही होगा कोई भी व्यक्ति शराब पीकर माहौल को खराब करने की चेष्टा करेगा तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी और जुआं खेलते पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी इस मौके पर सब इंस्पेक्टर नन्हेलाल सब इंस्पेक्टर कामता प्रसाद बिनय प्रताप सिंह प्रधान अनिल सिहं हबीब उल्ला खान अंकित कस्तवार राजेंद्र सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने नामावलियो के पुनरीक्षण के लिये सम्बंधित अधिकारी व सुपरवाइजरों को दिये आवश्यक दिशानिर्देश



**उरई (जालौन)।** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी 2024 के आधार पर विधान सभा निर्वाचन नामावलियो के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष अभियान तिथि के अवसर पर संचालित गतिविधियों का ठाकुर महेंद्र सिंह पब्लिक स्कूल, विकास भवन, जिला पंचायत परिषर, राजकीय फल संरक्षण एवं प्रशिक्षण केंद्र व एस आर बालिका इण्टर कालेज में स्थापित मतदेय स्थल का निरीक्षण कर बूथ लेविल अधिकारी व सुपरवाइजरों को आवश्यक दिशानिर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान ठाकुर महेंद्र सिंह पब्लिक स्कूल मतदेय स्थल पर बूथ लेविल अधिकारी त्रधुवन व सरला प्रजापति व सुपरवाइजर सूरजभान राजपूत, जिला पंचायत परिसर में मतदेय स्थल पर बूथ लेवल अधिकारी अनीता विश्वकर्मा एस आर बालिका इंटर कॉलेज परिसर में मतदेय स्थल बंद पाया गया। जिस पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधित बूथ लेवल अधिकारी व सुपरवाइजर का उप जिलाधिकारी व जिला कार्यक्रम अधिकारी स्पष्टीकरण लेते हुए संबंधित कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य किया जा रहा है।सभी कार्मिक भारत निर्वाचन आयोग की प्रतिनियुक्ति पर होने के कारण सीधे आयोग के नियंत्रण में है। सभी बूथ लेवल अधिकारी , पर्यवेक्षक अपना काम पूरी ईमानदारी से करें।इस कार्यक्रम के अंतर्गत युवा मतदाताओं का नाम जुड़वाना, विस्थापितों का नाम कटवाना एवं नाम सुधार का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन में मतदाता सूची का अहम रोल होता है इसलिए मतदाता सूची शुद्ध होना चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों को गंभीरता से पालन करना है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में शामिल किया जाना मृतक, डुप्लीकेट अथवा स्थानांतरित मतदाताओं का नाम सूची से विलोपित किया जाना तथा महिलाओं एवं युवा मतदाता जिनकी संख्या जनसंख्या के अनुपात में बूथवार कम पंजीकृत है उनके लिए पंजीकरण पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है

## विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन

कालपी (उरई)। नगर के मुहल्ला तरीबुल्दा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में नायब तहसीलदार हरदीप सिंह की अध्यक्षता में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया ।इस मौके पर नागरिकों को वैवाहिक मामलों का प्री लिटिगेशन स्तर पर समाधान व निशुल्क सेवाओं तथा कानून की जानकारियां देते हुए जागरूक किया गया ।प्राइमरी पाठशाला के परिसर में आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए नायब तहसीलदार हरदीप सिंह ने कहा कि शासन के द्वारा समाज के हर वर्ग के नागरिकों की भलाई के लिए जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि शासन के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए सभी लोग जागरूक रहें । उन्होंने बताया कि नागरिकों के लिए कानून में तमाम प्रकार के अधिकार दिए गए हैं। सभी नागरिकों को अपने अधिकारों तथा कानून की जानकारी रखनी चाहिए। शिविर में नायब तहसीलदार के द्वारा राजस्व विभाग के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारियां दी गई । इस मौके पर क्षेत्रीय सभासद प्रतिनिधि आशुतोष यादव, पीएलबी कमलेश कुमार, ब्रजेश सिंह, लेखपाल जितेंद्र सिंह सहित विभागीय अधिकारियों ने जानकारियां देते हुए नागरिकों को जागरूक किया।

## सुमेरदेव सेवा समिति कार्यालय का हुआ शुभारंभ



### नगर में स्थापित होगी राजा सुमेरदेव की मूर्ति

भरुआ सुमेरपुर। कस्बे में गैस एजेंसी के पास सुमेरदेव सेवा समिति कार्यालय खोला गया।जिसका उद्घाटन समिति के संरक्षक किशोर सिंह खंगार, अध्यक्ष अशोक फौजी व राजेश शिवहरे ने फीता काटकर किया। अध्यक्ष अशोक सिंह फौजी ने कहा कि यह समिति किसी एक समाज नहीं है। नगर के विकास के लिए समिति में सर्व समाज का प्रतिनिधित्व रहेगा।संरक्षक ने कहा कि समाज की कुरीतियों को दूर करके संगठित व शिक्षित होकर समाज के उत्थान पर जोर दिया। वही नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश शिवहरे ने कहा कि इस समिति एक नई दिशा देते हुए इस नगर को बसाने वाले सुमेरदेव सिंह खंगार की मूर्ति लगाई जाएगी। समिति के मीडिया प्रभारी दीपक सिंह खंगार ने कहा कि युवाओं को जागरूक करके समाज की समस्या को दूर किया जाएगा। महासचिव ज्ञान सिंह ने आगामी 20 दिसंबर को समिति के द्वारा आयोजित कार्यक्रम को भव्य रूप देने लिए सभी का सहयोग मांगा। इस मौके पर संगठन मंत्री मान सिंह खंगार, बुद्धप्रकाश सिंह खंगार, नईम खान,मण्डल अध्यक्ष मौदहा उत्तम सिंह खंगार ,सलमान खान सहित समाज के काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।संचालन मलखान सिंह ने किया।

## भगवान दास दीक्षित बने भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष

हमीरपुर। भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी अनिल तालान ने इंगोहटा निवासी भगवान दास दीक्षित को भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) में निष्ठा व किसानों के प्रति समर्पण भाव को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय किसान यूनियन (महात्मा टिकैत) में जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है ।उन्होंने संगठन में ईमानदारी व मेहनत के दम पर किसानों के हक हुकूक की लड़ाई लड़ते रहने की अपेक्षा की है ।इस अवसर पर भगवान दास दीक्षित ने कहा- किसानों व मजदूरी की पीड़ा की बर्दाश्त नहीं करूंगा प्राण प्रण से उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ते हुए उनके हितों के परिपाक के लिए जी भी. आवश्यक कदम

# दो पक्षों के बीच आम रास्ते को लेकर हुआ खूनी संघर्ष





**कोच(उरइ)।** नगर के मुहल्ला गोखले नगर में दो पक्षों के बीच आम रास्ते को लेकर खूनी संघर्ष हो गया जिसमें में महिलाएं सहित सात लोग घायल हुए। रविवार को कोतवाली अंतर्गत सुरही चौकी क्षेत्र के नगर के मुहल्ला गोखले नगर में कोल्हू बाबा के पास राजेन्द्र विश्वकर्मा कच्चा छपरा डला हुआ घर है उसने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उसकी पहली किस्त मिली हुई थी जिसमें वह अपने घर का निर्माण शुरू कराने के लिए बीम डलवाई हुई थी जिसके घर के बगल से नगर पालिका का एक ढाई फिट का आम रास्ता निकला हुआ है रविवार को निर्माण कार्य चल रहा था तभी पड़ोसी मकान मालिक हरिमोहन कुशवाहा वहां पर आ धमके और उससे कहने लगे यह जगह तुम्हारी नही है यहां पिलर आदि कार्य मत कराना जिसको लेकर विवाद बढ़ गया तभी हरिमोहन कुशवाहा लला कुशवाहा हाथों में अपने घर से सब्बल व लाठी डंडे लेकर आ गये और मारपीट करने लगे वहां डले फावड़े से पीड़ित राजेन्द्र की पत्नी माधुरी रीना शांति देवी छोटू मंगल सिंह के साथ जमकर मारपीट लहूलुहान कर मरणासन्न स्थिति में छोड़ दिया घटना की सूचना पर पहुची पुलिस ने दोनो पक्षो के लोगों को थाने ले आयी और घायलों को उपचार हेतु अस्पताल भिजवाया। कोतवाल नागेन्द्र पाठक का कहना है कि नगर पालिका की वह सड़क है एसडीएम के यहां शिकायती पत्र दिया गया था जिसको लेकर ईओ व सफाई निरीक्षक को संज्ञान दिया गया था जिसको लेकर सफाई निरीक्षक हरिशंकर निरंजन ने दोनो पक्षो से कागजात लेकर आकर दिखाने की बात कही थी लेकिन घटना में अभी की किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नही आई है तहरीर आते ही मुकदमा दर्ज कर लिया जायेगा कुछ लोग घायल हुए है उन्हें भर्ती कराया गया है।

### दो दिन पूर्व पीड़ित दे चुका था पुलिस को शिकायती पत्र

कालपी। पीड़ित राजेन्द्र विश्वकर्मा ने बताया कि जब उसके घर में बीम डालने के लिए खुदाई हो रही थी तब भी आरोपित हरिमोहन कुशवाहा ने खुदाई करने पर एतराज जताया था जिसको लेकर वह एसडीएम अतुल कुमार के समक्ष अपने घर के बैनामा आदि कागजात लेकर पहुँचा और अपने अभिलेख दिखाए और जांच कर न्याय दिलाने की बात कही थी।'लाठी डंडों एवं सब्बल से मारपीट की घटना का हुआ वीडियो वायरल'मुहल्ला गोखले नगर में जब मारपीट व खूनी संघर्ष चल रहा था तभी वहां पर किसी ने वीडियो बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया जिसमें दिखाया जा रहा है कि आरोपित महिलाओं एवं युवको को जमकर जमीन में पटक कर मारपीट कर रहे है। हालांकि की दैनिक जागरण ऐसे कोई वायरल वीडियो की पुष्टि नही करता है।

# युवक की इलाज के दौरान मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका



**हमीरपुर।** दोस्तों के साथ उनकी रिश्तेदारी से लौट रहा युवक घायल अवस्था में पड़े मिले युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं परिजनों ने मृतक के दोस्तों पर हत्या की आशंका जता स्थानीय पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। जरिया थाना क्षेत्र के करयारी गांव निवासी अवधेश सिंह (22) पुत्र रामकृपाल बीते 23 अक्टूबर को अपने तीन दोस्तों के साथ उनके रिस्तेदारों के यहां बिवाँर थाना क्षेत्र के भैसांय गांव गया था। वहाँ से लौटते समय किसी बात को लेकर तीनों के बीच कहासुनी होने पर दोस्तों ने अवधेश के साथ मारपीट कर उसे छिबोली गौशाला के नजदीक घायल अवस्था में छोड़ कर चले गए। जहाँ परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंच घायल अवधेश को लेकर नजदीकी अस्पताल लेकर पहुँचे जहाँ चिकित्सको ने उसे रेफर कर दिया। परिजन उसे ग्वालियर के प्राइवेट अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था।शनिवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मृतक की बरदाहा में उसकी शादी होनी थी,नवरात्रि में गोदभराई का कार्यक्रम हुआ था। मृतक दो भाइयों में सबसे छोटा था। खेती किसानी करता था।मृतक अवधेश के दोस्तों ने उसके लौटने की कोई सूचना नहीं दी थी।वहीं परिजनों ने उसके दोस्तों पर हत्या की आशंका जताते हुए जरिया पुलिस से कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

## रुपयों के लेन देन को लेकर दो दोस्तों ने मिलकर एक दोस्त का गला रेता

जालौन(उरई)। दोस्तों के बीच रुपयों के लेन देन को लेकर हुए विवाद में दो दोस्तों ने मिलकर एक दोस्त की गला रेतकर हत्या कर दी। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम अकोढ़ी दुबे स्थित कामाक्षा मंदिर के पास युवक का धड़ बरामद हुआ। जबकि गर्दन अभी तक नहीं मिल सकी है। जबकि पुलिस अभी गर्दन के ऊपर के हिस्से को खोज रही है। बिहार के चंपारण जिले के थाना सिंगटा क्षेत्र के ग्राम शिकारपुर निवासी सूरज कुमार (20) पुत्र बबलू कुमार औरैया में एक कंपनी की मार्केटिंग का काम करता था। दो नवंबर को उसका उसके दो दोस्तों के बीच रुपयों के लेन देन को लेकर झगड़ा हो गया था। झगड़े के बाद से वह लापता था। अगले दिन उसके साथियों ने सूरज के लापता होने की रिपोर्ट औरैया कोतवाली में दर्ज कराई थी। जिसके बाद से पुलिस युवक की तलाश कर रही थी। औरैया पुलिस की जांच में पता चला कि सूरज का दोस्तों के साथ झगड़ा हुआ था। जिसके बाद पुलिस व एसओजी टीम ने दोनों दोस्तों को पकड़कर सख्ती से पूछताछ की तो उन्होंने धारदार हथियार से गर्दन रेतकर हत्या किए जाने की बात कही। जिसके बाद उनकी निशानदेही पर रविवार को औरैया कोतवाल पंकज मिश्रा, सीओ सिटी एमपी सिंह व एसओजी टीम के साथ जालौन पहुंचे। जालौन कोतवाल विमलेश कुमार के साथ टीम अकोढ़ी दुबे के पास स्थित कामाक्षा देवी मंदिर के पीछे पहुंची जहां राजीव निरंजन के खेत के पास स्थित एक गूल में सूरज का धड़ पड़ा मिला। खेत में खून के निशान भी थे। पुलिस ने धड़ को कब्जे में ले लिया और गर्दन के ऊपर के हिस्से की तलाश की। लेकिन छह घंटे की मेहनत के बाद भी पुलिस गर्दन के ऊपर का हिस्सा बरामद नहीं कर सकी है। हालांकि पुलिस की तलाश अभी भी जारी है। उक्त संदर्भ में औरैया सीओ सिटी एमपी सिंह ने बताया कि औरैया में रुपयों के लेन देन को लेकर दोस्तों के बीच झगड़ा हुआ था। दोस्तों ने युवक को अकोढ़ी दुबे के पास लाकर उसकी गला रेतकर हत्या कर दी थी। पकड़े गए युवकों की निशानदेही पर पुलिस ने धड़ तो बरामद कर लिया है, अभी सिर बरामद नहीं हुआ है। पुलिस सिर की तलाश कर रही है।

## सफाई कर्मियों के नियमित न आने से गांव में गंदगी का लगा अंबार

जालौन(उरई)। विकास खंड के ग्राम सिहारी दाऊदपुर में दो सफाई कर्मी तैनात होने के बाद भी सफाई कर्मियों के नियमित न आने के कारण गांव में गंदगी का अंबार लगा है। गांव के लोगों ने गांव की नियमित सफाई कराने की मांग बीडीओ से की है। सिहारी दाऊदपुर के गांव के लोग गांव में नियमित सफाई न होने से परेशान हैं। गांव के प्रवेश द्वार से लेकर गांव की अधिकांश गलियों में गंदगी फैली हुई है। गांव में जगह जगह कूड़े के ढेर लगे हैं और नालियां में कीचड़ भरा नजर आ रहा है। गांव में स्थित मंदिर को जाने वाले मार्ग में भी गंदगी फैली है। जिसके चलते पूजा अर्चना के लिए जाने वाली महिलाओं को परेशानी होती है। ग्रामीण सुंदर सिंह, शिवाजी आदि कहते हैं कि गांव में गंदगी पसरी हुई है। गांव की गलियां गंदगी से पटी पड़ी है। सफाई कर्मियों का अता पता नहीं रहता है। प्रधान व एडीओ से शिकायत के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मौसम में बदलाव हो रहा है जिसके चलते मच्छर आदि भी पनप रहे हैं। ऐसे में लोगों को डेंगू जैसी बीमारी का डर सता रहा है। ग्रामीणों ने बीडीओ से मांग की है कि बदलते मौसम में संक्रमित रोगों से बचाव के लिए गांव की गलियों की साफसफाई करायी जाए और दवा का छिड़काव कराया जाए। ताकि लोगों की परेशानी दूर हो सके।

## निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा व स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

जालौन(उरई)। राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय के तत्वावधान में तहसील परिसर में निशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर एवं निशुल्क दवा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। आयुष आपके द्वारा योजना के अंतर्गत आयोजित स्वास्थ्य शिविर का आयोजन तहसील परिसर में किया गया। जिसमें प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. पूजा राजपूत ने कहा कि निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्देश्य लोगों को बिना किसी परेशानी के इलाज मिलना है। शिविर में एक ही स्थान पर अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराकर निशुल्क दवा प्राप्त कर सकता है। शिविर में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. पूजा राजपूत, प्रशिक्षु चिकित्सक डॉ. आयुष एवं स्टाफनर्स नेहा सिंह, प्रियंका देवी, योग सहायक विवेक सिंह, राहुल पाठक, रतन सिंह, प्रशिक्षु फार्मासिस्ट किशन सोनी, भूपेंद्र सेंगर आदि ने वातव्याधि, चर्म रोग, ज्वर, ग्रहणी, अतिसार, उदर रोग, कटिशूल, प्रतिश्याम आदि रोगों के 232 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निशुल्क दवा वितरित की।

## हार-जीत की बाजी लगाते हुए तीन लोगों को किया गिरफ्तार

जालौन (उरई)। कोतवाली पुलिस ने हार-जीत की बाजी लगाते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने 7400 रुपये बरामद किए हैं। दीपावली का त्योहार आते ही जुआ का खेल शुरु हो जाता है। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में हार-जीत का खेल शुरु हो गया है। कोतवाली पुलिस ने नगर के कर्बला कब्रिस्तान के पास चल रहे जुआ के फड़ पर छापामारी की। छापामारी के दौरान पुलिस ने हसीब निवासी कटरा, समेत तीन लोगों को पकड़ा है। जिनके पास से पुलिस ने 7400 रुपये के साथ ताश की गड्डी बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## अपराधों की रोकथाम के लिए सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग

जालौन(उरई)। गांवों में अपराधों की रोकथाम के लिए त्रिनेत्र योजना के तहत सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग ग्रामीण ने जिलाधिकारी से की है। कुठौंदा बुजुर्ग निवासी गजेंद्र सिंह सेंगर ने बताया कि अक्सर गांवों में अपराध होने के बाद अपराधी बेखौफहोकर घूमते रहते हैं। इतना ही नहीं रात में चोरी आदि की घटनाएं आम हैं। ग्रामीण क्षेत्र में अपराधों की रोकथाम के लिए त्रिनेत्र योजना के तहत गांवों में सीसीटीवी कैमरों से लैस किए जाने की योजना है। इस योजना के तहत विकास खंड के गांवों में अभी तक कहीं सीसीटीवी कैमरे नहीं लगवाए गए हैं। यदि गांवों में सीसीटीवी कैमरे लगवा दिए जाते हैं, तो ग्रामीण क्षेत्र में अपराधों पर अंकुश लगेगा।

## रजिस्टार ने सुभाषचन्द्र बोस शिक्षा समिति के उपप्रबंधक से मांगा स्पष्टीकरण

भरुआ सुमेरपुर। सहायक रजिस्ट्रार फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स झांसी मंडल झांसी ने कस्बे में संचालित सुभाष चंद्र बोस शिक्षा समिति को नोटिस जारी करके दो सप्ताह में आख्या प्रस्तुत करने की निर्देश दिए हैं। आख्या प्रस्तुत न करने पर विधिक कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। कस्बा निवासी राहुल कुमार ने रजिस्टार झांसी से लिखित शिकायत 4 अक्टूबर 2023 को की थी कि कस्बे में संचालित सुभाष चंद्र बोस शिक्षा समिति संस्था फर्जी ढंग से हेराफेरी करके संचालित हो रही है। इस संबंध में जब संस्था के प्रबंधक वैभव चौधरी से स्पष्टीकरण मांगा गया तो उन्होंने आख्या न भेज कर अपने सदस्यता से त्यागपत्र देने की सूचना भेज दी है। इस पर शिकायतकर्ता ने पुनः 21 अक्तूबर को शिकायत की थी। इसके बाद रजिस्टार झांसी ने संस्था के उपप्रबंधक राजेश शिवहरे से प्रबंधक वैभव चौधरी पुत्र स्व.दुर्गा प्रसाद के बारे में स्पष्ट आख्या तलब की है। आख्या न मिलने पर नोटिस में विधिक कार्यवाही की बात कही गई है। आरोप है कि कस्बा निवासी राजेश शिवहरे ने अपने दोनों जैविक पुत्रों को अनुसूचित जाति का दत्तक पुत्र दर्शाकर एक संस्था बना रखी है। इस संस्था के अधीन कई शिक्षण संस्थान चल रही हैं। इस फर्जी संस्था के खिलाफ कस्बा निवासी राहुल कुमार उर्फ टिंकू पालीवाल,बृजेश कुमार,नईम खान व राधे शुक्ला ने शिकायत करके जांच करने के लिए मोर्चा खोल दिया है। राजेश शिवहरे के पुत्र धीरेंद्र शिवहरे मौजूदा समय मे नगर पंचायत अध्यक्ष है। शिकायत कर्ताओं ने इनके नामांकन पत्र को भी चुनौती दी है। यह प्रकरण कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है। उधर उपप्रबंधक का कहना है कि उनकी संस्था का नियमानुसार रजिस्ट्रेशन है।शिकायतकर्ता निराधार आरोप लगा रहे है और उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे है।

## युवती से छेड़खानी का विरोध करने पर परिजनों को पीटा

महोबा। घर में अकेली युवती को दबंग ने बुरी नियत से दबोच लिया। शोर मचाने पर पड़ोसियों के एकत्र होने पर दबंग जान माल की धमकी देते हुए भाग गया। शिकायत करने पर परिजननों के साथ दबंग ने मारपीट की। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग उठाई है।कुलपहाड़ कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक अपर्णा गुप्ता को दिए शिकायती पत्र में बताया है कि तीन नवम्बर को उसकी बहन घर में अकेली थी तभी दबंग घर में घुस गया और बहन के साथ छेड़खानी करने लगा।

# कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह यादव ने दाखिल किया नामांकन ऐतिहासिक व विशाल नामांकन रैली का हुआ आयोजन

**कोटपूतली-बहरोड़/दैनिक शुभ भास्कर/राजकुमार शर्मा**

कोटपूतली रैली में उमड़ी हजारों की संख्या में कार्यकर्ताओं व समर्थकों की भीड़ यादव को कांग्रेस पार्टी ने कोटपूतली से चौथी बार बनाया है उम्मीदवार कहा रू- जनता का आर्शीवाद मिला तो जीत की लगेगी हैट्रिक कांग्रेस पार्टी द्वारा कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र से लगातार चौथी बार प्रत्याशी बनाये गये, दो बार के निरन्तर विधायक एवं निवर्तमान गहलोत के उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने शनिवार को जीत की हैट्रिक के लक्ष्य के साथ उप निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर कस्बे के डाबला रोड़ स्थित एक निजी गार्डन से उपखण्ड मुख्यालय तक विशाल व ऐतिहासिक नामांकन रैली का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों, समर्थकों, जनप्रतिनिधियों व क्षेत्रवासियों की भीड़ उमड़ी। नामांकन रैली में लोगों के उत्साह से कोटपूतली शहर कांग्रेसमय नजर आया। जहां हर जगह कांग्रेस पार्टी का ध्वज ही दिखाई दिया। कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाजी भी की, वहीं पुष्प वर्षा से माहौल भी शानदार दिखाई दिया। इससे पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी राजेन्द्र सिंह यादव ने दिन की शुरूआत ग्राम खेडकी वीरभान स्थित बौहरा स्व. सेठ रामजीलाल यादव स्मृति भवन में अपने माता-पिता की मूर्तियों को नमन व भगवान के आर्शीवाद के साथ की। यादव शनिवार का दिन होने के कारण शहर के शनि मंदिर पर भी आर्शीवाद लेने के लिए पहुंचे। जिसके बाद बड़े ही धुमधाम व हर्षोल्लास के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया। इस मौके पर डाबला रोड़ स्थित निजी गार्डन में विशाल जनसभा का आयोजन हुआ। जिसे सम्बोधित करते हुए यादव ने कहा कि जनता का आर्शीवाद मिला तो इस बार जीत की हैट्रिक भारी मतों से लगेगी। यादव ने कहा कि उन्होंने कोटपूतली में शांति, सद्भावना व निरन्तर विकास के मंत्र के साथ ही कार्य किया है। पिछले पांच वर्षो में कोटपूतली में लगभग तीन हजार करोड़ रूपयों के विकास कार्य हुये। विशेष तौर पर आजादी के बाद से चली आ रही जिला बनाये जाने की मांग पुरी हुई। कोटपूतली में सीवरेज लाईन एवं नारेहड़ा-पनियाला बाईपास निर्माण कार्य प्रगति पर है। साथ ही कृषि महाविधालय, पशु चिकित्सा महाविधालय, राजकीय बीडीएम अस्पताल को जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करने समेत तीन दर्जन से अधिक विधालयों को अंग्रेजी माध्यम में रूपान्तरित व क्रमोन्नत करने के साथ-साथ नगर परिषद निर्माण व शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पेयजल, सडक़ निर्माण की अनेकों योजनायें आई है। यादव ने कहा कि आने वाले समय में यहां मेडीकल कॉलेज, मिनि सचिवालय, अत्याधुनिक बस स्टैण्ड सहित अनेकों विकास कार्य है जो होने है उनके लिए प्रयास करेगें। विकास एक निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसे रोका नहीं जा सकता। क्षेत्र के गाँव व ढ़ाणी तक नहर का पानी पहुंचे इस बात के भी भरपुर प्रयास किये जायेगें। सर्वागीण विकास उस दिन पुरा होगा जब यहां का युवा रोजगार मांगने वाला नहीं बल्कि देने वाला बनेगा। नवगठित जिले में बड़े औधोगिक क्षेत्र शामिल हुये है जिसका लाभ यहां की जनता को मिलेगा। इस दौरान आयोजित विशाल जनसभा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं, आसपास के गांवों से आये क्षेत्रवासियों व समर्थकों का भारी हुजुम उमड़ पड़ा। यादव ने नामांकन रैली में कार्यकर्ताओं के अपार जोश, उत्साह व उल्लास के साथ उपखण्ड कार्यालय पहुंचकर अपनी धर्मपत्नी श्रीमती कमलेश यादव व विधिक सलाहकारों के साथ उप निर्वाचन अधिकारी एसडीएम मुकुट सिंह व सहायक निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार सौरभ सिंह गुर्जर के समक्ष नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद यादव ने कहा कि कोटपूतली अब विकास की दौड़ में पीछे नहीं रहेगा। जिला बन गया है, आने वाले समय में अच्छे औधोगिक क्षेत्र विकसित हो, आईटी व मोबाईल इण्डस्ट्री का हब बने, साथ ही बुचारा व बनाड़ी बांध में नहर का पानी आये। जिससे पेयजल व सिंचाई के पानी की किल्लत दूर हो, सरकार बनी तो इसी लक्ष्य के साथ कार्य करेगें। यादव ने मतदाताओं से उचित निर्णय लेने की बात भी कही। सभा का संचालन युवा नेता विराट यादव ने किया। इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज रावत, , ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी व समेत हजारों की संख्या में कार्यकर्ता, समर्थक व आमजन मौजूद रहे। विशाल नामांकन रैली को देखते हुए भारी मात्रा में पुलिस जाप्ता भी तैनात रहा। इस दौरान एएसपी दिनेश कुमार यादव, डीएसपी मदन लाल जैफ व एसएचओ राजेश कुमार शर्मा, सरूण्ड एसएचओ राजेश कुमार यादव आदि व्यवस्थायें सम्भालते हुये दिखे। इस मौके पर यादव ने मुख्य चौराहा स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले को माला पहनाकर,बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर, पूर्व विधायक मुक्ति लाल मोदी, अग्रसेन तिराहे पर महाराजा अग्रसेन की प्रतिमाओं को माला पहनाई

## कृष्ण गोपाल पालीवाल को मावली भाजपा का उम्मीदवार घोषित किया पार्टी ने

जमनेश आमेटा /दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान /उदयपुर /मावली विधानसभा क्षेत्रजैसे ही पार्टी कार्यालय से कृष्ण गोपाल पालीवाल के नाम की घोषणा होते ही ढोल नगाड़ा से कृष्ण गोपाल पालीवाल का स्वागत किया कृष्ण गोपाल जी पहले उपादान रहे वर्तमान में साकरोदा के सरपंच हैं बीजेपी के लिए लंबे समय से काम काम कर रहे हैं उनके गांव में भी उनका जोरदार स्वागत हुआ महाबली चौराहे पर आतिशबाजी की गई कल उनका नामांकन भरा जाएगा

## बसपा प्रत्याशी प्रकाश चंद सैनी ने दाखिल किया नामांकन

जिला कोटपूतली बहरोड़/दैनिक शुभ भास्कर /राजकुमार शर्मा कोटपूतली विधानसभा चुनाव को बसपा प्रत्याशी पूर्व चौयरमैन प्रकाश चन्द सैनी ने शनिवार को उपखण्ड कार्यालय में उप निर्वाचन अधिकारी एसडीएम मुकुट सिंह व सहायक निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार सौरभ सिंह गुर्जर के समक्ष अपना नामांकन दाखिल किया। इससे पूर्व कस्बे के डाबला रोड़ स्थित निजी गार्डन में नामांकन सभा को सम्बोधित करने के बाद सैनी पार्टी कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ नामांकन रैली लेकर उपखण्ड कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने अपना पर्चा दाखिल किया। इस दौरान उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फूले, बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर व महाराजा अग्रसेन की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण भी किया। इस मौके पर बसपा के जिला प्रभारी दीपचंद आर्य, जिलाध्यक्ष बलवंत सिंह रेवाला, विधानसभा प्रभारी बनवारी लाल धोबी, पार्षद एड. शिम्भुदयाल सैनी, सुन्दर लाल सैनी समेत अन्य मौजूद रहे।

## मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

कोटपूतली, ग्रामीण सरूण्ड राजकीय उच्च माध्यमिक विधालय में कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान के क्रम में स्वीप प्रकोष्ठ के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली को प्राचार्य दीपक कुमार ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रत्तिराम वर्मा ने बताया कि रैली में स्टॉफसदस्यों व विधार्थियों ने बढ़-चढकर भाग लिया। रैली ग्राम सरूण्ड के विभिन्न मुख्य मार्गो से होती हुई वापस विधालय परिसर पहुंचकर विसर्जित हुई। इस दौरान स्वीप प्रकोष्ठ अधिकारी रोशन लाल गुर्जर, वरिष्ठ गण समेत अन्य मौजूद रहे।

## हर बच्चे का हो सम्पूर्ण टीकाकरण -डॉ. बामनिया

विशाखा व्यास/दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान/ उदयपुर के महाराणा भूपाल चिकिसालय परिसर मे स्थित बाल चिकित्सा इकाई मे एकदिवसीय विशेषटिकाकरण केम्प का शुभारम्भ डॉ. शंकर एच बामनिया मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी, उदयपुर द्वारा फीता काट कर किया गया। इस केम्प का आयोजन स्वास्थ्य विभाग तथा जतन संस्थान के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर डॉ. बामनिया द्वारा अपने सम्बोधन मे अभिभावकों को बच्चे के सम्पूर्ण टिकाकरण हेतु प्रेरित किया गया तथा रोगो से बचाव हेतु इसे आवश्यक बताया।जतन संस्थान के प्रतिनिधि इमदाद खान ने बताया कि इस टिकाकरण केम्प को सफल बनाने हेतु एक दिन पूर्व शहर मे लाउड स्पीकर के माध्यम से टीकाकरण जाकरुकता संदेश तथा अभिभावकों को इस केम्प से जोड़ने हेतु सूचित भी किया गया। आज केम्प मे आने वाले बच्चो को उपहार स्वरूप खिलौना और चॉकलेट भी दिया जा रहा है। आज के स्पेशल केम्प में कुल 55 बच्चों का टीकाकरण हुआ। कार्यक्रम मे स्वास्थ्य विभाग से डॉ. विवेक अरोड़ा, डॉ. राकेश, व्यास(डबल्यूएचओ), मुदित माथुर (यूएन डीपी) नर्सिंग स्टाफ शर्मिला बेहरा, सुमित्रा पालीवाल, ज्योति शर्मा, सुगना तथा जतन संस्थान के प्रतिनिधि राजेंद्र पुष्पेंद्र भाटी तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## विभाग की मेहरबानी बंद संस्थान को दिया अनुदान

विशाखा व्यास/ दैनिक शुभ भास्कर/राजस्थान /उदयपुर बन्द संस्थान को विभाग ने हाइकोर्ट के नोटिस मात्र से दे दिया अनुदान जहां बीटी कॉटन के निराश्रित बच्चे रह रहे वहां कंटेम्प्ट ऑफ्कोर्ट के आदेश के बाद भी विभागीय कार्यवाही ठंडे बस्ते में-संस्थान दम्पती माइग्रेन व डाइबिटीज पेशेंट ट्रीटमेंट भी बन्द-किसीने सही कहा कि जो सीधा व सत्य की राह पर चलकर काम करता है उसको खूब कठिनाई से गुजरना पड़ता है।पूरे भारतवर्ष में माननीय उच्न्यायालय,जोधपुर में सवेंदनशील बालको के लिये याचिका दायर कराने वाला लवीना विकास सेवा संस्थान, ओंगना पहला संस्थान है।जिसको कंटेम्प्ट ऑफ्कोर्ट के आदेश के पेटे अभी तक सिर्फसाठ हजार एक सो बाईस रुपये ही अनुदान मिला है जबकि इसी संस्थान से बात कर पूर्बिया के रेफरेंस से मिलकर लवीना संस्थान के एडवोकेट मारफ्त माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर में याचिका दायर कराने वाला आसरा विकास संस्थान के भोजराज सिंह को अनुदान दे चुका है जबकी भोजराजसिंह चित्तौड़गढ़ एसीबी में ट्रेप हो चुका था एवम उससे पूर्व इसने अपने संस्थान के कार्य बंद कर दिए थे।फिर भी बन्द संस्थान को मात्र माननीय उच्च न्यायालय के जरिये नोटिस भी विभाग ने अनुदान दे दिया।जबकि आसरा विकास संस्थान ने हमेशा नाममात्र बच्चे रखे है।जबकि दूसरी और लवीना विकास सेवा संस्थान के संचालक पर कोर्टकेस उठाने का दबाव बनाया जा रहा है।जिसके चलते संस्थापक संचालक पूर्बिया डाइबिटीज पेशेंट है जिन्होंने विषम परिस्थिति के चलते डॉ जय चोरडिया का ट्रीटमेंट बन्द कर दिया व पत्नी प्रमीला माइग्रेन पेशेंट है जिसने डॉ रेणु खमेसरा का ट्रीटमेंट बन्द कर दिया है।इतने संघर्ष के बाद भी ये दम्पति माननीय उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश से वर्तमान में इकत्तीस बीटी कॉटन के निराश्रिबालश्रमिकों का सरंक्षक बन पालनपौषन कर रहा है।<

## डूंगरपुर जिला केमिस्ट एसोसिएशन शपथ ग्रहण समारोह एवं दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम



**दैनिक शुभ भास्कर/ प्रकाश बारोट/ राजस्थान/**

डूंगरपुर रविवार को होटल साई पैलेस परिसर पर शपथ ग्रहण समारोह एवं दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें संरक्षक पद पर रमेश चंद्र बोरा, नवीन मेहता, संजय गांधी, देवराम मेहता को मनोनीत किया गया पश्चात अध्यक्ष भूपेंद्र उपाध्याय, सचिव सिद्धार्थ जैन, कोषाध्यक्ष आंनद जैन को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई उपाध्यक्ष पद पर वीर प्रकाश जैन, भीख लाल प्रजापत, मोहनलाल पाटीदार, रमेश असावत, विजय पुरोहित, सहसचिव ललित सेठ, प्रदीप गमोट, सुनील भट्ट, दीपेश असावत, सह कोषाध्यक्ष दीक्षांत जैन, संगठन मंत्री चंद्रप्रकाश सारगिया, नयनेश भट्ट, दिपेश शाह, दीक्षांत शाह, सांस्कृतिक मंत्री गिरीश जोशी, मीडिया प्रभारी नरेश जैन एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में रवि जैन, प्रवीण प्रजापत, नरेश जैन, अभय मालवी, जयप्रकाश, किशोर उपाध्याय, लालू राम सालवी, हितेंद्र जैन, यतीश जैन, पंकज कंसारा, विवेक गांधी, जयेश पंड्या, सचिन जैन, नरेंद्र पंचाल, कपिल जैन, राजेश जैन, जयेश जोशी समस्त कार्यकारिणी को उपस्थित अतिथियों द्वारा शपथ ग्रहण कराई गई कार्यक्रम में विशिष्ट पद पर पूरणमल दावडा, रमेश चंद्र जैन, संजय गांधी, नवीन मेहताअध्यक्ष उद्बोधन में भूपेंद्र उपाध्याय ने सभी का हार्दिक स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए संगठन को गतिशीलता प्रदान करने का आश्वासन दिया आनंद जैन द्वारा व्यवसाय में आने वाली परेशानी को हम सबको मिलकर बैठकर समस्या का समाधान ढूंढने का आह्वान किया सभा के अंत में सचिव सिद्धार्थ जैन द्वारा सभी का धन्यवाद ग्राफिक्र कर आभार व्यक्त किया कार्यक्रम में डूंगरपुर जिले के समस्त केमिस्ट साथी उपस्थित थे समस्त कार्यक्रम का संचालन विक्रांत चौबीसा व नरेश जैन ने किया

## जननायक जनता पार्टी (जजपा) प्रत्याशी रामनिवास यादव ने दाखिल किया नामांकन

### हरियाणा के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला पहुंचे कोटपूतली

**कोटपूतली में विशाल नामांकन सभा व रैली का हुआ आयोजन ,चौटाला बोले रू- राजस्थान के युवाओं को स्थानीय उधोगों में 75 प्रतिशत नौकरियां दिलवायेगें रामनिवास यादव ने कहा रू- कोटपूतली में भय, भूख व भ्रष्टाचार को दूर करना ही लक्ष्य**

**कोटपूतली-बहरोड़/ दैनिक शुभ भास्कर/राजकुमार शर्मा**

कोटपूतली जननायक जनता पार्टी (जजपा) प्रत्याशी रामनिवास यादव ने शनिवार को अपार जोश व उत्साह के साथ बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी में अपना नामांकन दाखिल किया। यादव का नामांकन दाखिल करवाने के लिए हरियाणा के डिप्टी सीएम व जजपा नेता दुष्यंत सिंह चौटाला कोटपूतली पहुंचे। इस मौके पर डाबला रोड़ के एक निजी गार्डन में विशाल नामांकन सभा का आयोजन हुआ। जहां जजपा कार्यकर्ताओं व क्षेत्रवासियों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान कर्मवीर फौजी समेत अन्य गायक कलाकारों ने प्रस्तुतियां दी। नामांकन सभा को सम्बोधित करते हुए डिप्टी सीएम चौटाला ने कहा कि भारत के पूर्व उप प्रधानमंत्री जननायक स्व. ताऊ देवी लाल जी ने अपने पुरे जीवन में पूंजीवाद के विरूद्ध किसान व कमेरों की लड़ाई लड़ी। साथ ही समाज को आर्थिक विषमताओं से दूर लाने का कार्य भी किया। इसी तरह कोटपूतली में भी सुशासन लाना चाहते है तो पूंजीवाद को हटाकर किसान-कमेरे जजपा प्रत्याशी रामनिवास यादव को विजयी बनाये। चौटाला ने कहा कि कोटपूतली में स्थापित बड़े उधोग यहां के युवाओं को रोजगार व नौकरियां नहीं देते। जबकि हरियाणा में 75 प्रतिशत नौकरियां स्थानीय लोगों को ही मिलती है। अगर कोटपूतली की जनता जजपा को मौका देती है तो उनकी राज में भी हिस्सेदारी होगी। साथ ही यहां की सभी समस्यायें दूर की जायेगी। चौटाला ने कोटपूतली में हुई तोडफ़ोड़ समेत अन्य कई मुद्दों पर भी जमकर तीखे प्रहार किये। साथ ही हरियाणा की वृद्धावस्था पेंशन व एमएसपी पर फसलों की खरीद जैसी योजनायें गिनवाई। साथ ही कोटपूतली की जनता से वोट की अपील की। वहीं दूसरी ओर जजपा प्रत्याशी रामनिवास यादव ने कहा कि कोटपूतली को भय, भूख व भ्रष्टाचार से निजात दिलाने के लिए संघर्ष कर रहे है। इस मौके पर मुख्य मार्गो से नामांकन रैली का भी आयोजन किया गया। नामांकन रैली में डिप्टी सीएम चौटाला व जजपा प्रत्याशी रामनिवास यादव सहित अन्य नेताओं ने जनता का अभिवादन भी किया। वहीं उपखण्ड कार्यालय पहुंचकर उप निर्वाचन अधिकारी एसडीएम मुकुट सिंह व सहायक निर्वाचन अधिकारी तहसीलदार सौरभ सिंह गुर्जर के समक्ष नामांकन दाखिल किया। इस दौरान कुशल बिदारिया, अशोक बिदारिया, सचिन गौड़, पं. अशोक शर्मा, ब्रह्मानंद गौड़ विशम्भर दयाल सैनी, राकेश, योगेन्द्र यादव, शेरसिंह यादव, प्रकाश कुमावत, अशोक यादव, रत्तिराम यादव, अशोक योगी, धर्मेन्द्र योगी, महेश योगी, दीपचंद जैन, अनिल अग्रवाल आदि कार्यकर्तागण समेत बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

## थाने चौकियो पर पीस कमेठी की बैठक आयोजित की

दैनिक शुभ भास्कर ललितपुर ब्यूरो सूरज सिंह राजपूत पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में आगामी त्यौहारों को देखते हुए जिले के सभी थाने चौकियो पर पीस कमेठी की बैठक आयोजित की गई । समस्त थाना व चौकी प्रभारियों ने थाना क्षेत्र के धर्म गुरूओं एवं संभ्रांत व्यक्तियों के साथ पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई । पीस कमेटी बैठक में शासन एवं उच्च अधिकारियों द्वारा जारी गाइडलाइन एवं दिशा निर्देशों से भली भाति अवगत कराकर पालन कराए जाने की अपील की गई

## पुलिस द्वारा ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के तहत कुल 105 अभियोगों में प्रभावी पैरवी कराते हुये 150 अपराधियों को अधिक से अधिक सजा करवायी गई

**ललितपुर ब्यूरो सूरज सिंह राजपूत**

पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा अभियोगों की प्रभावी पैरवी कराये जाने के आदेश के क्रम में ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान मे पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में जनपद में अपराधियों को अधिक से अधिक सजा दिलाने जाने हेतु प्रभावी पैरवी कराते हुये शीघ्र सजा दिलाये जाने के के क्रम में मॉनीटरिंग सेल/पैरवी सेल में नियुक्त अधि0/कर्म0गण/पैरोकार एवं क्षेत्राधिकारीगण/थाना प्रभारी/विवेचकगण आदि को मा0 न्यायलय में पैरवी हेतु नामित किया गया था । जिनके द्वारा अपराधों के अभियोगों की समुचित पैरवी न्यायालय में करते हुए साक्ष्य हेतु महत्वपूर्ण गवाहों को माननीय न्यायालय में समय से प्रस्तुत कराकर मॉनिटरिंग सेल एवं अभियोजन द्वारा की गई प्रभावी पैरवी से माननीय न्यायालय जनपद ललितपुर द्वारा कुल 105 अभियोगो में कुल 150 अपराधियों को अधिक से अधिक सजा करवायी गयी जिसमें जघन्य अपराध (हत्या,बलात्कार आदि) कारित करने वाले 08 अपराधियों को आजीवन कारावास व 86000/- रू के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । अपराध करने वाले अपराधियों के विरूद्ध ललितपुर पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है । जो भी व्यक्ति अपराध करता है उसे पुलिस व न्यायालय द्वारा समन्वय स्थापित कर अपराधी को अधिक से अधिक सजा दिलवायी जायेगी । जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों के मन में इन सजाऔं से भय का माहौल बनेगा और अपराधी इस तरह के जघन्य अपराध करने से नरेगा व बचेगा

## रात के अंधेरे में दबंग स्कूल संचालक ने आम रास्ते पर मिटटी डलवा कर बंद करने की की कोशिश

**मोहल्ले वालों ने रात्रि में ही पुलिस को दी सूचना मौके पर पहुंची पुलिस ने आम रास्ते को कराया सुचारू**

**मिट्टी डालने वाले डंपर राजनीति में पकड़ रखने वाली अवैध कारोबारी के बताए जा रहे हैं**




**ललितपुर ब्यूरो (सूरज सिंह राजपूत)**

आजादपुर राजपूत कॉलोनी निवासी पूर्व सपा नेता व सेंट्रल पब्लिक स्कूल संचालक डीएस विवेक यादव ने अपनी दबंगई व गुंडागर्दी के दम पर लगभग 20 वर्षो से सुचारू आम रास्ते पर मिटटी डलवा कर बंद करने की कोशिश जब आम रास्ते पर रात्रि करीब दो से 2रू30 बजे मिट्टी डाली जा रही थी डंपरों की आवाज कीआहट हुई तो मोहल्ले वालों ने मौके पर जाकर विरोध किया तू वहां मौजूद दबंग स्कूल प्रबंधक यादव ने मोहल्ले वासियों के साथ गाली गलौज करते हुए धक्का मुक्की कर उन्हें जान से मारने की धमकी दी मोहल्ले वासियों ने दो मिट्टी के डंपरों को सुबह तक रोके रखा मोहल्ले वासियों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी को मंगवा कर आम रास्ते से मिट्टी हटाकर रास्ते को सुचारू करवाया मोहल्ले वासियों ने प्रशासन से कोई भी अप्रिय घटना घटित होने की आशंका जताई है सारे घटनाक्रम की जानकारी राजपूत कॉलोनी आजादपुर आदिवासी सुभाष शर्मा उर्फ मिंटू शर्मा व मोहल्ले वासियों के साथ शिकायती पत्र के माध्यम से जिला अधिकारी के आवास पहुंचकर दी जिस पर तत्काल संज्ञान लेते हुए जिला अधिकारी ने एसडीएम न्यायिक को घटनास्थल जाकर जांच के आदेश दिए एसडीएम ने तत्काल घटनास्थल का निरीक्षण कर दबंग सेंट्रल पब्लिक स्कूल प्रबंधक डीएस विवेक को शक्त हिदायत देते हुए यथा स्थिति बनाए रखने का आदेश दिया यदि आदेश की अभेलना हुई तो कड़ी से कड़ी कानूनी के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगेपहले भी सेंटर पब्लिक स्कूल के भवन पर धवस्तीकरण की कार्यवाही हो चुकी है अभी भी कुछ भवन का हिस्सा सार्वजनिक नल पर निर्माण है जिसको स्वयं विवेक यादव ने हटाने के लिए जिला व नगर पालिका प्रशासन से कहा था जो अभी तक नहीं हटाया गया है

## आरपीएफजीआरपी पुलिस ने बीमार बेशुध यात्री को उपचार हेतु जिला अस्पताल में कराया भर्ती

**यात्री की हालत गंभीर होने पर झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर किया**



दैनिक शुभ भास्कर ललितपुर सूरज सिंह राजपूतऑपरेशन-सेवा के तहत रेलवे सुरक्षा बल व जीआरपी पुलिस ने गाड़ी संख्या 12591 के कोच संख्या ठ-3 के यात्री को रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 2 पर समय करीब 20रू03 बजे,जिसके कोच संख्या ठ-3 को स्टेशन मास्टर की सूचना पर रेलवे सुरक्षा बल उप निरीक्षक घनेन्द्र सिंह एवं जीआरपी उप निरीक्षक राजेश सिंह यादव पुलिस बल के साथ बर्थ संख्या 68 पर यात्रि कर रहे बीमार एवं बेसुध हालत में मिले यात्री को जिसे उसके बैग एवं मोबाइल फोन सहित रेलवे स्टेशन पर उतार कर जिला चिकित्सालय ले जाया गया,जहां डॉक्टर विशाल जैन द्वारा यात्री को प्राथमिक उपचार देकर झांसी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया, जिसे आरपीएफ कांस्टेबल प्रेम सागर के साथ 108 एम्बुलेंस के माध्यम से मेडिकल कॉलेज झांसी भेजा गया है। यात्री बेसुध हालत में होने के कारण अपने बारे में जानकारी नहीं दे पा रहा था यात्री के पास पाए गए रेलवे यात्रा टिकट पीएनआरसं.2301862754 (गोरखपुर से यशवन्तपुर) व आधार कार्ड से उसका नाम व पता-सत्यप्रकाश पुत्र सुक्खू प्रसाद उम्र करीब 28 वर्ष निवासी छताई चटाई गोरखपुर उत्तर प्रदेश ज्ञात हुआ। बीमार यात्री के परिजनों को सूचित किया

## शहर से हटेंगे अवैध होर्डिंग, बैनर व फ्लैक्स, आज से चलेगा अभियान डीएम

दैनिक शुभ भास्कर ललितपुर ब्यूरो (सूरज सिंह राजपूत) शहर की सुंदरता को चौपट कर रहे अवैध होर्डिंग, बैनर एवं फ्लैक्स के दिन अब पूरे हो चुके हैं, जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने नगर भ्रमण के दौरान जगह जगह लगे इन होर्डिंग, बैनर एवं फ्लैक्स को अभियान चला कर हटाए जाने हेतु अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, ललितपुर को निर्देश दिए हैं, जिसके क्रम में आज से ही नगर के विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर इन होर्डिंग, बैनर एवं फ्लैक्स को हटाया जाएगा।अधिशाषी अधिकारी ने बताया है कि दिनांक 06.11.2023 समय प्रातः 11 बजे से घण्टाघर से रेलवे स्टेशन तक, दिनांक 07.11.2023 को घण्टाघर से मसौरा वैरियर तक, दिनांक- 08.11.2023 को सदर कांटे से इलाईट चौराहा होते हुये झांसी रोड हाई-वे तक एवं पानी की टंकी से बस स्टैण्ड अभिलाषा पेट्रोल पम्प होते हुये सदन शाह चौराहा, कलैक्ट्रेट, कचहरी चौराहा वर्णी चौराहे तक, इलाईट चौराहा से राजघाट रोड तक अभियान चलाया जायेगा, अभियान के दौरान शान्ति व्यवस्था बनाये जाने हेतु भारी पुलिस बल मौजूद रहेगा।

## श्री लाड आमेटा ब्रह्म संस्था के विभिन्न पदों पर नामांकन भरे गए

**दैनिक शुभ भास्कर /जमनेश आमेटा /राजस्थान /उदयपुर**

सेक्टर-4 उदयपुर स्थित श्री लाड़ आमेटा ब्रह्म संस्था के संस्था भवन में 4-11-23 को विभिन्न पदों हेतु नामांकन भरे गए। 5-11-23 को प्रातः 10 से 12 तक नामांकन वापस लेने के पश्चात सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन सम्पन्न हुआ । मुख्य चुनाव अधिकारी रमाकांत आमेटा ने अध्यक्ष पद पर राजेश आमेटा भीण्डर, उपाध्यक्ष पद पर जगदीश प्रसाद आमेटा एवं देवेन्द्र प्रसाद दवे लोहारिया , महामंत्री पद पर नरेंद्र आमेटा गादौली , संयुक्त सचिव पद पर सुभाष चन्द्र आमेटा भैंसरोडगढ़ , कोषाध्यक्ष पद पर प्रकाश आमेटा नाई , प्रचार-प्रसार मंत्री पद पर तिलकेश आमेटा कुराबड़, कुलदीप आमेटा वली, धर्मेंद्र आमेटा भीण्डर, प्रवीण आमेटा गादौली,लव कुमार आमेटा तितरडी को पद की शपथ दिलवाई। मनोनीत सदस्य में युवा संगठन मंत्री जय कुमार त्रिवेदी लोहारिया एवं महिला संगठन मंत्री अरुणा आमेटा उदयपुर को मनोनीत किया गया । कार्यक्रम के प्रारंभ में भगवान परशुराम की पूजा आराधना के पश्चात महामंत्री पुष्कर आमेटा कुराबड़ ने पिछले 5 वर्षो में संस्था द्वारा किये गए सभी कार्यो का ब्यौरा प्रस्तुत किया । संस्था द्वारा आपदा राहत कोष से समाज के बहुत सारे सज्जनों को राहत मिली अन्त में निर्वाचित अध्यक्ष राजेश आमेटा ने आभार प्रकट किया । व विशिष्टअतिथि श्री श्याम लाल जी गादोली ने सभा को सम्बोधित किया कार्यक्रम के पश्चात श्री कैलाश आमेटा जी वली द्वारा भोजन प्रसाद का आयोजन किया गया ।

## सम्पादकीय

# सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन अनिवार्य बनाए केंद्र

सड़क सुरक्षा को लेकर और अधिक सख्त होने की आवश्यकता है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में कुल 4,61,312 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1,68,491 लोगों की जान चली गई जबकि 4,43,366 लोग घायल हुए। 'भारत में सड़क दुर्घटनाएं-2022' शीर्षक से जारी रिपोर्ट के अनुसार हर एक घंटे में 53 सड़क हादसे हुए और हर एक घंटे में 19 लोगों ने सड़क हादसों में जान गंवाई, इनमें सीट बेल्ट एवं हेलमेट का इस्तेमाल न करने वालों का ऊंचा अनुपात है। रिपोर्ट के अनुसार, देश में 32.9 प्रतिशत हादसे एक्सप्रेसवे एवं राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर हुए, जबकि 23.1 प्रतिशत हादसे राज्य राजमार्गों व 43.9 प्रतिशत हादसे अन्य सड़कों पर हुए। सालाना आधार पर सड़क हादसों की संख्या में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई और उनसे होने वाली मृत्यु की दर 9.4 प्रतिशत बढ़ी। रिपोर्ट यह भी कहती है कि सड़क हादसों में जान गंवाने वाले लोगों में बड़ी संख्या सुरक्षात्मक साधनों का इस्तेमाल न करने वालों की रही। रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में लगातार चौथे साल सड़क दुर्घटना के सबसे अधिक युवा शिकार हुए। एक तरफ सड़कें चौड़ी हो रही हैं, विश्व स्तरीय बन रही हैं, दूसरी तरफ रफ्तार और सुरक्षा उपायों की अनदेखी के चलते हादसे भी बढ़ रहे हैं। सरकारों की ओर से सड़क सुरक्षा के तमाम प्रयासों के दावों के बावजूद सड़क हादसों में कमी नहीं आ रही है, हर साल इसमें वृद्धि ही हो रही है। लगभग दस वर्षों से सड़क हादसे में हर वर्ष औसत डेढ़ लाख लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। देश में आतंकवाद, बीमारियां, हत्या अपराध, हिंसा, उग्रवाद, नक्सलवाद, प्राकृतिक आपदा, अन्य हादसे आदि मिला हर वर्ष जितने लोगों की मौत होती है, उससे अधिक अकेले सड़क दुर्घटनाओं में मौत हो जाती है। चिंता की बात है कि सड़क हादसे में अधिकांश कामकाजी युवा अपनी जान गंवाते हैं, इसके चलते परिवार व अर्थव्यवस्था दोनों प्रभावित होते हैं। देश में कड़े सड़क सुरक्षा मानदंड अपनाने की जरूरत है। सर्वोच्च न्यायालय ने अप्रैल 2014 में सड़क सुरक्षा पर तीन सदस्यीय न्यायमूर्ति के.एस. राधाकृष्णन पैनल की स्थापना की थी जिसने 'ड्रंक ड्राइविंग' पर नियंत्रण के लिये राजमार्गों पर शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की थी। हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया था। सड़क सुरक्षा नियमों के संबंध में लोगों में जागरूकता फैलाने के लिए कही गई थी। वर्ष 2017 में सर्वोच्च न्यायालय ने सड़क सुरक्षा के संबंध में कई निर्देश जारी किये थे, जिनमें एक राज्य सड़क सुरक्षा परिषद का गठन करने, सड़क सुरक्षा कोष की स्थापना करने, सड़क सुरक्षा कार्ययोजना की अधिसूचना जारी करने, जलि सड़क सुरक्षा समिति का गठन करने, ट्रॉमा केयर सेंटर्स की स्थापना करने व स्कूलों के शैक्षणिक पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा शिक्षा को शामिल करने की बात कही गई थी। भारत ने वर्ष 2030 तक देश में शून्य सड़क दुर्घटना मृत्यु की स्थिति प्राप्त करने का वैश्विक लक्ष्य वर्ष 2020 में ही निर्धारित किया है। इसके लिए 'ब्रासीलिया घोषणा' पर हस्ताक्षर किया है। मोटर वाहन (संशोधन) अधिनियम, 2019 लागू किया गया है जिसके तहत ट्रैफिक रूल के उल्लंघन, दोषपूर्ण वाहन, किशोर ड्राइविंग आदि के लिये दंड में वृद्धि की गई है। इसके बावजूद सड़क सुरक्षा चुनौती बनी हुई है। देश में ट्रैफिक संचालन में जनशक्ति की कमी, स्वचालन तकनीक अपनाने की धीमी रफ्तार, वित्त की दिक्कत, ड्राइविंग कौशल के लिए मानक प्रशिक्षण व्यवस्था की कमी, ट्रैफिक नियमों व यातायात कानूनों को पालन कराने में सख्ती का अभाव, सड़क निर्माण में मानकों की अनदेखी, खराब व गड्ढे युक्त सड़कों की मरम्मत में लापरवाही और सब चलता है एटिट्यूड के चलते सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम नहीं लग पा रही है और परिणामस्वरूप कामकाजी लोगों की अकाल मौत हो रही है। इन स्थितियों को ठीक कर देने से भारत सड़क हादसे में जीरो मृत्यु दर हासिल कर सकेगा। सड़क सुरक्षा के प्रति सरकार के साथ नागरिकों को भी जागरूक होने की जरूरत है। सड़कों के साथ वाहनों की उच्च गति सीमा को भी फिक्स करने की जरूरत है।

## सारा संसार



मालदीव, श्रीलंका के दक्षिण में हिंद महासागर में स्थित बेदाग समुद्र तटों का उष्णकटिबंधीय आश्रय स्थल है, जो 1,192 प्रवाल द्वीपों का एक प्राकृतिक द्वीप है। स्कुवा डाइविंग जैसी वाटर स्पोर्ट्स अट्रेक्टिव एक्टिविटीज के लिए फेमस मालदीव का नीला पानी और रेतीले समुद्र तटों के लिए भी प्रसिद्ध है।

## विचार

श्वेता गोयल



# समर्पण का पर्व करवा चौथ

दाम्पत्य जीवन में एक-दूसरे के प्रति समर्पण का अनूठा पर्व है 'करवा चौथ', जो भारत में सुहागिन महिलाओं का सबसे बड़ा त्योहार है। इस शुभ दिन यह व्रत रखने वाली महिलाओं के चेहरे पर एक अलग ही तेज नजर आता है। समय के साथ इस व्रत को मनाए जाने की परंपराओं में थोड़ा बदलाव आया है और अब बहुत सी अविवाहित युवतियां भी अच्छे वर की प्राप्ति की कामना से यह व्रत करने लगी हैं। करवा चौथ का व्रत अन्य सभी व्रतों से सबसे कठिन व्रत माना जाता है, फिर भी देशभर में हर जाति की महिलाएं अपने पति की दीर्घायु के लिए खुशी-खुशी यह व्रत रखती हैं और रात को चांद देखकर व्रत खोलती हैं। करवा चौथ वास्तव में भारतीय संस्कृति का ऐसा विशेष त्योहार है, जिसका सुहागिन महिलाएं वर्षभर इंतजार करती हैं। इस पर्व का नाम सुनते ही मन में सोलह श्रृंगार किए एक खूबसूरत नारी की छवि मन-मस्तिष्क में उभर आती है। दुल्हन के लाल जोड़े की भांति इस दिन भी लाल रंग के परिधान पहनने का चलन बहुत ज्यादा है। यह एक ऐसा दिन है, जब प्रत्येक महिला सबसे ज्यादा खूबसूरत दिखना चाहती है और इस दिन साड़ी से लेकर मेहंदी और मेकअप, हर चीज पर उसका विशेष ध्यान रहता है। वास्तव में करवा चौथ सुहागिन महिलाओं के सजने-संवरने का एक विशेष अवसर है। हालांकि मेकअप करने से पहले इस बात का खास ख्याल रखा जाना भी जरूरी होता है कि केवल मेकअप से ही आप खूबसूरत नहीं लग सकती हैं, बल्कि इसके लिए त्वचा की सही देखभाल के साथ त्वचा की रंगत और चेहरे की बनावट के हिसाब से मेकअप का सही चयन भी जरूरी है। मेकअप की शुरूआत से पहले 3-4 मिनट तक अपनी त्वचा की मसाज हनी क्लींजर से करें और फिर मोइस्ट कॉटन से अच्छी तरह साफ कर लें। मेकअप शुरू करने से पहले ध्यान रखें कि आपका मेकअप आपकी त्वचा की रंगत (टोन) के हिसाब से ही हो। तभी मेकअप से आपके नयन-नक्श को अच्छा उभार मिलेगा। अगर त्वचा का रंग गेहुंआ है तो त्वचा को डार्क मेकअप अच्छा लुक देगा, लेकिन यदि आपकी त्वचा की रंगत सांवली है तो आप पर येलो या आयवरी टोन वाला मेकअप ही फबेगा क्योंकि इन शेड्स से सांवली रंगत को प्राकृतिक रूप से उभार मिलता है। यदि त्वचा का रंग गोरा है तो आप पर वेज और पिंक बेस्ड मेकअप अच्छा लगेगा लेकिन ध्यान रखें कि मेकअप लाइट पिंक बेस्ड ही हो। अपने परिधान और आभूषणों से मिलते हुए आई शैडो का ही उपयोग करें। आई लाइनर के रूप में लिक्विड कलर के साथ ब्लू, ब्राउन, डार्क ग्रीन या ब्लैक कलर लगा सकती हैं। कल्र्ड कॉन्टेक्ट लैंसेज के साथ ग्रीन, ग्रे और वेज कलर के लाइनर का इस्तेमाल आपकी आंखों को नई चमक दे सकता है। यदि आप चाहती हैं कि आपका मेकअप अधिक समय तक टिका रहे तो इसके लिए ऑयल फ्री फाउंडेशन का ही इस्तेमाल करें। फाउंडेशन का चुनाव त्वचा की रंगत के हिसाब से ही करें। मैट फाउंडेशन से नेचुरल लुक आता है। फाउंडेशन लगाने के बाद ठीक तरह से ब्लेंडिंग भी जरूरी है।

(लेखिका शिक्षिका हैं ये उनके अपने विचार हैं।)



राज कुमार सिंह

# सामूहिक नाकामी जानलेवा प्रदूषण

**दिवाली से पहले ही दिल्ली का दम घुटने लगा है। हर साल सर्दियों की आहट के साथ ही दिल्लीवासियों की सांसों पर संकट शुरू होता है। धीरे-धीरे यह संकट पूरे एनसीआर को ही अपनी गिरफ्त में ले लेता है। अब जैसे ही दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 के पार गया है, सरकारी नसीहतें और प्रतिबंध सामने आने लगे हैं। बेशक यह भी जरूरी है, मगर ये सब तो आपातकालीन कदम हैं। भारत में हर साल वायु प्रदूषण से 20 लाख मौतें होती हैं और यह देश में मौतों का पांचवां बड़ा कारण है। इसके बावजूद जरूरी मोर्चों पर सरकारी संवेदनशून्यता कई सवालों को जन्म देती है, जिनका जवाब देना सरकारों की संवैधानिक जिम्मेदारी भी है।**

प्रकाश पर्व दीपावली अभी दूर है, पर दिल्ली का दम घुटने लगा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली देश का दिल भी है। दिल की सेहत पर ही जीवन निर्भर करता है, पर लगता नहीं कि दिल्लीवासियों की सेहत की किसी को भी चिंता है। हर साल सर्दियों की आहट के साथ ही दिल्लीवासियों की सांसों पर संकट शुरू होता है। धीरे-धीरे यह संकट पूरे एनसीआर को ही अपनी गिरफ्त में ले लेता है, पर इससे निपटने के आधे-अधूरे सरकारी प्रयास भी तभी शुरू होते हैं, जब दम घुटने लगता है। इस संकट से निपटने के सतत प्रयास और ठोस दीर्घकालीन नीति कहीं नजर नहीं आती। जाहिर है, यह आग लगने पर कुंआ खोदने की सरकारी मानसिकता का भी परिणाम और प्रमाण है। सरकारें और उनकी संबंधित एजेंसियां खुद कुछ करने के बजाय दिल्लीवासियों को आगाह कर तथा कुछ और सख्त प्रतिबंध लगा कर ही अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लेती हैं। अब जैसे ही दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 300 के पार गया है, सरकारी नसीहतें और प्रतिबंध सामने आने लगे हैं। बेशक यह भी जरूरी है, मगर ये सब तो आपातकालीन कदम हैं, तात्कालिक राहत के लिए। दूरगामी प्रभाव-परिणाम वाली ऐसी कोई ठोस नीति क्यों नहीं बनाई-अपनाई जाती कि दिल्ली-एनसीआर में रहने वाले करोड़ों लोग पूरे साल स्वच्छ हवा में सांस ले कर स्वस्थ जीवन जी सकें? बिना उसके स्वस्थ भारत के नारे का कोई अर्थ भी रह जाता है क्या?

यह सवाल भी हर साल इन्हीं दिनों पूछा जाता है, पर तर्कसंगत ठोस जवाब कभी नहीं मिलता। मिलती है तो वायु प्रदूषण रोकने की जिम्मेदारी और उसमें नाकामी के मुद्दे पर दिल्ली सरकार की केंद्र तथा पड़ोसी राज्य सरकारों के साथ अशोभनीय तकरार। सरकारें कितनी जिम्मेदार और जवाबदेह हैं, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि सर्दियों में जानलेवा हो जाने वाले वायु प्रदूषण का दोष मौसम, पराली और पटाखों के सिर मढ़कर पल्ला झाड़ लिया जाता है, जो अपनी सफाई पेश नहीं कर सकते। बेशक यह सच है कि वायु प्रदूषण को खतरनाक स्तर तक बढ़ाने में मौसम, पराली और पटाखों की भूमिका रहती है, पर उनके बिना भी दिल्ली वालों को स्वच्छ और स्वस्थ हवा उपलब्ध हो पाती है क्या? सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद जागी सरकारों ने खतरनाक वायु प्रदूषण पर इन दिनों नियंत्रण के लिए जो कार्य योजनाएं बनाई हैं, वे एक्यूआई 200 के पार जाने पर ही धरातल पर उतरती दिखाई देती हैं। ऐसे में यह जानना जरूरी है कि कितने एक्यूआई तक की हवा जीवन के लिए स्वच्छ और स्वस्थ मानी जाती है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों के मुताबिक 50 एक्यूआई तक की हवा ही अच्छी मानी जाती है। उसके बाद 51 से 100 एक्यूआई तक की हवा संतोषजनक मानी जाती है और 101 से 200 एक्यूआई तक मध्यम। हमारी सरकारें तब जागती हैं, जब एक्यूआई 201 पार कर हवा खराब हो जाती है। जैसे-जैसे हवा बहुत खराब (301-400) और गंभीर (401-500) होती जाती है, सरकारी प्रतिबंध बढ़ने लगते हैं। ध्यान रहे कि जब एक्यूआई 450 के पार चला जाता है,



तब दिल्ली में लॉकडाउन की स्थिति होती है, यानी स्कूल बंद, ऑनलाइन क्लासें शुरू और दफ्तर बंद, वर्क फ्रॉम होम शुरू। निश्चय ही वह आदर्श या सामान्य जीवन नहीं है। फिर हमारी सरकारें ऐसा असामान्य जीवन जीने को मजबूर करने वाली स्थितियों का हाथ-पर-हाथ रखे इंतजार क्यों करती रहती हैं? आग लग जाने पर जागने की सरकारी सक्रियता भी 2019 में सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणियों के बाद ही नजर आई। 25 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट ने जानलेवा प्रदूषण पर सख्त टिप्पणी की थी कि दिल्ली नरक से भी बदतर हो गई है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा की तो तल्ख टिप्पणी थी- इससे तो अच्छा है कि विस्फोट कर हरेक को मार दीजिए। चार साल बाद भी लगता नहीं कि ज्यादा कुछ बदला है।

अगर दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय का यह आरोप सही है कि राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के स्रोतों का पता लगाने के लिए दिल्ली सरकार के अध्ययन को डीपीसीसी अध्यक्ष अश्विनी कुमार के आदेश पर एकतरफा और मनमाने ढंग से रोक दिया गया है, तो यह जनहित ही नहीं, बल्कि जीवन से जुड़े मुद्दों पर भी शर्मनाक राजनीति की एक और मिसाल है, पर यह भी अपने आपमें बड़ा सवाल है कि 2013 से दिल्ली में पदारूढ़ सरकार को अभी तक प्रदूषण के स्रोतों का ही पता नहीं। ऐसे में वह समस्या का क्या और कैसा समाधान कर रही है-यह स्वाभाविक सवाल अनुत्तरित ही रह जाता है। अक्तूबर, 2018 में भू विज्ञान मंत्रालय के रिसर्च पेपर में दी गई यह जानकारी गोपनीय तो नहीं ही है कि वायु प्रदूषण में सर्वाधिक 41 प्रतिशत भागीदारी वाहनों की होती है। यह भी कि प्रदूषण के अन्य बड़े कारण निर्माण आदि गतिविधियों से उड़ने वाली धूल (21.5 प्रतिशत) और उद्योग (18 प्रतिशत) हैं। जाहिर है, पराली और पटाखे बड़ा कारण नहीं हैं। वैसे भी इनका प्रभाव बहुत कम दिन रहता है। फिर इस साल पराली जलाने की घटनाओं में 50 प्रतिशत की कमी भी दर्ज की गयी है। मौसम पर दोष तो और भी हास्यास्पद ज्यादा नजर आता है, क्योंकि उस पर किसी का वश नहीं चलता। अगर हवा और बारिश को ही वायु प्रदूषण से राहत दिलवानी है, तो हमारा भारी भरकम महंगा सरकारी तंत्र आखिर किस मर्ज की दवा है?

ध्यान रहे कि इस साल 10 सितंबर को दिल्ली में एक्यूआई 45 दर्ज किया गया था, यानी उस दिन दिल्लीवासियों को साफ हवा नसीब हुई थी, लेकिन सर्दियों की आहट से बहुत पहले ही 14 जून को हवा खराब की श्रेणी में चली गई। जाहिर है, दिल्ली में साल भर में साफ हवा वाले दिन उंगलियों पर गिने जाने लायक ही रहते हैं, जबकि पूरे साल दिल्ली वाले जहरीली हवा में सांस लेने को मजबूर होते हैं। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि डब्ल्यूएचओ के 1650 तथा अमेरिका स्थित हेल्थ इफेक्ट्स इंस्टीट्यूट के 7000 शहरों के सर्वे में दिल्ली को सबसे प्रदूषित पाया गया। तमाम स्वास्थ्य विशेषज्ञ आगाह करते रहे हैं कि दिल्ली-एनसीआर की प्रदूषित हवा से श्वांस संबंधी रोग ही नहीं, बल्कि फेंफड़ों के कैंसर के मरीज भी बढ़ रहे हैं। यह भी कि बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह हवा और भी ज्यादा खतरनाक है। वैसे शेष देश के हालात भी बहुत सुखद नहीं हैं। देश की वाणिज्यिक राजधानी मुंबई में भी अक्तूबर में कुछ दिन वायु प्रदूषण बेहद खतरनाक स्तर पर रहा।

ध्यान रहे कि भारत में हर साल वायु प्रदूषण से 20 लाख मौतें होती हैं और यह देश में मौतों का पांचवां बड़ा कारण है। इसके बावजूद जरूरी मोर्चों पर सरकारी तंत्र की संवेदनशून्य निष्क्रियता कई सवालों को जन्म देती है, जिनका जवाब देना सरकारों की संवैधानिक जिम्मेदारी भी है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## बुरे समय में व्यक्ति को नहीं खोना चाहिए धीरज



संकलित

**दर्शन**

एक बार भगवान बुद्ध अपने शिष्यों के धर्म प्रचार के लिए निकले। रास्ते में भगवान बुद्ध को तेज प्यास लगी, उन्होंने अपने शिष्य से कहा, यहां पास में ही एक सरोवर है तुम जाकर वहां से पानी ले आओ। भगवान बुद्ध का आदेश मानकर वह सरोवर से पानी लेने चला गया। जब वह सरोवर के पास पहुंचा तो उसने देखा की कुछ जंगली जानवर सरोवर में उधम मचा रहे हैं। सरोवर में कीचड़ सड़े गले पत्ते ऊपर तैर रहे थे। इतना गंदा पानी भगवान बुद्ध पिएंगे कैसे, फिर वह बिना पानी लिए वापस लौटता है। बुद्ध से बोलता है, भगवान उस सरोवर में तो बहुत ज्यादा गंदा पानी है वो पीने लायक नहीं है। अपने शिष्य की बात सुनकर भगवान बुद्ध थोड़ी देर चुप होकर बोले, जाओ उसी सरोवर से जाकर पानी लेकर आओ, भगवान बुद्ध का आदेश मानकर वह वापस से सरोवर कि तरफ चला गया। वह सरोवर के पास गया वह ये देखकर चौंक गया कि सरोवर का पानी एकदम निर्मल और स्वच्छ हो गया है। उसने भगवान बुद्ध के पास आते ही उनसे प्रश्न किया, भगवान! थोड़ी ही देर में सरोवर का मैला पानी इतना साफ कैसे हो गया। फिर बुद्ध ने उसे समझाते हुए कहा, जब जानवर पानी में उधम मचाए हुए थे तब सरोवर का कीचड़ उभर आया था लेकिन कुछ देर शांत रहने पर कीचड़ फिर से नीचे बैठ गया और पानी पहले जैसे फिर से निर्मल और स्वच्छ हो गया, ठीक इसी तरह से हमारे मन की स्थिति भी ऐसी ही होती है, जीवन कि कठिनाइयों और भाग दौड़ हमारी मन में उथल पुथल पैदा कर देती हैं, जिसके कारण हम बिना सोचे समझे गलत निर्णय ले लेते हैं।

## बिना सच्चाई जाने न दें मशवरा



संकलित

**प्रेरणा**

एक बार ट्रेन से पिता-पुत्र यात्रा कर रहे थे, पुत्र ने खिड़की के पास बैठने की ज़िद की। पिता खिड़की की सीट पर बैठे थे। पिता ने खिड़की की सीट पुत्र को दे दी, और खुद बगल में बैठ गए। ट्रेन में आस पास और भी यात्री बैठे थे, ट्रेन चली तो पुत्र बड़ी उत्सुकता से चिल्लाने लगा देखो पिताजी नदी, पुल, पेड़ पीछे जा रहे है, बादल भी पीछे छूट रहे है। पिता भी उसकी हां में हां मिला रहे थे। उसकी ऐसी हरकतों को देखकर वहां बैठे यात्रियों को लगा कि शायद इस लड़के को कोई दिमागी समस्या है, जिसके कारण यह ऐसी हरकत कर रहा है। पुत्र बहुत देर तक ऐसी अजीबोगरीब हरकत करता रहा। तभी पास बैठे एक यात्री ने पिता से पूछा कि- आप अपने पुत्र को किसी अच्छे डॉक्टर को क्यों नही दिखाते? क्योंकि उसकी हरकत सामान्य नहीं है, हो सकता है की कोई दिमागी बीमारी हो। उस यात्री की बात सुनकर पिता ने कहा, हम अभी डॉक्टर के पास से ही आ रहे हैं। पिता की सुनकर यात्री को आश्चर्य हुआ। पिता ने बताया कि मेरा पुत्र जन्म से ही अंधा था। कुछ दिन पहले ही इसको आंखों की रोशनी प्राप्त हुई है, इसे किसी दूसरे की आंखें लगाई गई हैं और जीवन में पहली बार यह दुनिया को देख रहा है। यह इसलिए ऐसी हरकत कर रहा है, क्योंकि ये सारी चीजें इसके लिए एकदम नई है। पिता की बात सुनकर आस-पास बैठे लोगों को अपनी गलती का अहसास हुआ और उन्होंने पुत्र के पिता से माफी भी मांगी।

## सटाका




## आज की पाती

### विवेकानंद जी का एकता का मंत्र

हमारे देश में बहुत से महापुरुष हुए हैं। उन्होंने दुनिया को नेक राह पर चलने की शिक्षा दी है। इसके लिए दुनिया का मार्गदर्शन भी किया है। इन्हीं महापुरुषों में से एक थे स्वामी विवेकानंद जी। स्वामी विवेकानंद जी ने लगभग 130 वर्ष पूर्व 11 सितंबर 1983 को विश्व धर्म सम्मेलन में जो भाषण दिया था, उसे आज भी याद किया जाता है और इस पर आज भी दुनिया को बहुत ज्यादा अमल करने की जरूरत है। स्वामी जी का वो भाषण वहां उपस्थित लोगों को इतना पसंद आया था कि उन लोगों ने लगभग 2 मिनट तक लगातार तालियां बजाई थीं। वैसे तो स्वामी जी ने उस भाषण में बहुत सी बातें कही थी, लेकिन विश्व में एकता का जो संदेश उन्होंने दिया, उस पर आज भी विश्व को चलने की जरूरत है।

*- विधान साहू*

## ट्रेंड

### झूठ की राजनीति



कांग्रेस की नीति- झूठ फैलाओ, भाग जाओ! सोने की चम्मच लेकर पैदा हुए नामदारों की पूरी राजनीति झूठ पर चल रही है। बिना सोचे-समझे, तथ्यहीन-तर्कहीन बोलने के लिए कुछ भी बोल जाना कांग्रेस नेताओं और उनके अफवाह-तंत्र की पहचान है।

-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री

### एकता की भावना अहम



मानवता की एकता की भावना रखना अहम है। इसीलिए मैं जहां भी जाता हूं और जिस किसी से भी बात करता हूं, हमारे बीच की बाधाओं को दूर करने के प्रयास में इस विचार को बढ़ावा देने की कोशिश करता हूं।

-दलाई लामा, आध्यात्मिक गुरु

### शत शत नमन



अप्रतिम साहस एवं संघर्ष की प्रतीक और लोकतांत्रिक समाजवाद की प्रणेता रही मेरी दादी स्वर्गीय इंदिरा गांधी जी को उनके बलिदान दिवस पर शत शत नमन। आपमें कठोर फैसले लेने के दृढ़निश्चय के साथ मातृत्व बेहद सरल और सौम्य कोमलता भी थी। आप सही मायने में 'देश की मां' हैं।

-वरुण गांधी, भाजपा नेता

## करंट अफेयर

# इजराइल-हमास संघर्ष सीरिया में फैल रहा



सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत ने कहा है कि इज़राइल-हमास युद्ध सीरिया तक फैल रहा है, जो पहले ही बढ़ती अस्थिरता, हिंसा और 12 साल से चल रहे संघर्ष का राजनीतिक समाधान नहीं होने जैसी समस्याओं से जूझ रहा है। सीरिया के लिए संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत गीर पेडर्सन ने सुरक्षा परिषद में कहा कि सीरिया में चरम हिंसा के बीच अंदेशा है कि सीरियाई लोगों को अब व्यापक तनाव की भयावह का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति सात अक्टूबर को हमास द्वारा इज़राइल पर हमला करने और इसके बाद इज़राइल की ओर से गाज़ा में सैन्य कार्रवाई शुरू करने का नतीजा है। उन्होंने कहा कि संघर्ष के सीरिया में फैलने का खतरा नहीं है, बल्कि यह पहले ही फैल चुका है। पेडर्सन ने उन घटनाओं को जिम्मेदार ठहराया है, जिसमें इज़राइल ने सीरिया के अलप्पो और दमिश्क हवाई अड्डों पर कई बार हमला किया है और अमेरिका ने भी सीरिया में हमले किए हैं। अमेरिका ने दावा किया है कि सीरियाई क्षेत्र में ईरान समर्थित समूहों द्वारा उसके बलों पर हमले किए गए थे, जिसके जवाब में उसने कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सबसे ज्यादा तनाव है और जोखिम भरी स्थिति है तथा आग में और घी डाला जा रहा है, जिससे सीरिया में आग भड़कनी शुरू हो चुकी है।

## ऑफ बीट

# जलवायु अनुकूलन परियोजनाएं कभी-कभी बढ़ा देती है समस्याएं



जब अमेरिका की सहायता राशि का उपयोग फिजी के वनुआ लेवु द्वीप में समुद्र की ओर दीवार बनाने के लिए किया गया ताकि समुदाय को बढ़ते ज्वार से बचाया जा सके तो इसने एक बांध के रूप में काम किया, जिससे इसके भूमि वाले भाग की ओर पानी और मलबा फंस गया। बांग्लादेश के एक अन्य उदाहरण में, विश्व बैंक जलवायु-प्रेरित बाढ़ और समुद्र-स्तर में वृद्धि का मुकाबला करने के लिए समुद्र तट के किनारे पुराने बाढ़ अवरोधों के विस्तार में 40 करोड़ अमेरिकी डॉलर खर्च कर रहा है। लेकिन इससे नई समस्याएं भी पैदा हो रही हैं, जिनमें खेतों में पानी भर जाना और मिट्टी की उर्वरता में कमी शामिल है। दुनिया भर में, 'जलवायु अनुकूलन उद्योग' कभी-कभी ऐसे समाधान थोपता है जो उन समस्याओं को बढ़ा देते हैं जिन्हें दरअसल उन्हें हल करना होता है। अक्सर, इसका बोझ कमज़ोर समुदायों पर पड़ता है। यह कहानी दुनिया भर में चल रही है, जिसमें एओटेरोआ न्यूज़ीलैंड भी शामिल है, जहां अनुकूलन परियोजनाएं समुदायों की जलवायु भेद्यता को बढ़ा सकती हैं। हमारा काम समस्या बढ़ने के जोखिम की पहचान करने के लिए एक निगरानी और मूल्यांकन प्रणाली स्थापित करके एक महत्वपूर्ण अंतर को भरने का प्रयास करता है।





# बालों में कलर कराने जा रहे हैं तो रखें कुछ बातों का ख्याल

**हेयर कलर कराते वक्त किन बातों का ख्याल रखना जरूरी होता है, साथ ही फैशन कलर और ग्रे कवरेज कलर करा रहे हैं तो इसके बाद कैसे बालों की देखभाल करें, इन सबकी जानकारी होना आवश्यक है।**

हेयर कलर कराना आजकल ट्रेंड में है। कई बार बालों की सफेदी छुपाने के लिए तो कभी लुक बदलने के लिए लोग हेयर कलर कराते रहते हैं। लेकिन किस तरह का कलर कराना चाहिए, बालों को अधिक नुकसान तो नहीं होगा जैसी जानकारी होनी भी जरूरी है, ताकि बाद में किसी तरह की समस्या न हो।

## उम्र के अनुसार चुनाव

आजकल फैशन में भी बालों में रंग लगाया जाता है। लेकिन इन्हें भी उम्र के अनुसार चुनें। युवा हैं तो फैशन कलर, जैसे रेड, ब्राउन, गोल्डन करा सकते हैं। उम्र में बड़े हैं और बाल सफेद हैं तो ब्लैक, ब्राउन रंगों का चुनाव कर सकते हैं।

## गुणवत्ता से न हो समझौता

युवा बदल-बदल के कलर कराते रहते हैं। ऐसे में अक्सर ये सोचते हैं कि मंहगा कलर क्यों कराना जब कुछ ही समय में दूसरा कलर कराएंगे। यही ग्रे कवरेज वाले सोचते हैं और सफेद बालों पर सस्ता रंग करा लेते हैं, जो कि बालों को नुकसान पहुंचाता है। इसलिए हमेशा अच्छी कंपनी का कलर ही कराएं। कोशिश करें कि हर्बल कलर हो, ताकि नुकसान की गुंजाइश कम से कम रहे।

## इन आधार पर कराएं

बाल सुंदरता में बड़ी भूमिका अदा करते हैं। इसलिए कलर हमेशा चेहरे, बालों की लंबाई और प्रोफेशन के अनुसार ही कराएं। शालीनता भरी जगह कार्य करते हैं और फंकी कलर कराएंगे तो हो सकता है आपको खुद में अजीब लगे। इसलिए सभी बातों का ख्याल रखकर बाल कलर कराएं।

## रंग का बचाव

कुछ लोगों को 1-2 दिन छोड़कर ही बाल धोने की आदत होती है। इस कारण बालों से रंग जल्दी निकल जाता है, खासतौर पर फैशन कलर। इसलिए बालों को कम धोएं, हफ्ते में एक या जरूरी होने पर दो बार धोएं। धूप में निकलने पर बालों को कवर जरूर करें अन्यथा रंग जल्दी निकल जाता है।

## नैप टैस्ट कराएं

कभी भी पूरे बालों पर एक साथ कलर न कराएं, बल्कि थोड़े बालों पर कराकर देखें। इससे आप समझ पाएंगे कि आप पर रंग कैसा लग रहा है। पूरे बाल कलर कराने के बाद रंग पसंद न आने पर मुश्किल हो सकती है।

## देखभाल की जानकारी

अगर फैशन कलर करा रहे हैं तो बालों की जड़ों से 1-2 इंच ऊपर से कराएं। इससे बालों को कम नुकसान होता है। अगर सफेद बालों पर कलर कर रहे हैं तो जड़ों से ही होगा। ऐसे में कलर किए बालों के लिए अलग से शैम्पू, कंडीशनर आदि आते हैं, उन्हीं का इस्तेमाल करें।





# खुश और बेफिक्री से जीना है तो बच्चों और उनके बचपन से प्रेरणा लें

**हम बच्चों को कोरी स्लेट मानकर उन्हें सबकुछ सिखाने की ज़िम्मेदारी ओढ़ लेते हैं। लेकिन ज़रा गौर कीजिएगा, डग-मग चलता, चंद शब्द ही बोल पाने वाला बच्चा कितना जिज्ञासु, चंचल और खुशदिल होता है। हम भी कभी उस दौर में थे, ऐसे ही थे तो क्यों न उन्हीं बालसुलभ गुणों से प्रेरणा लेकर फिर से वैसे ही बन जाएं।**

## जिज्ञासा का गुण

बच्चे हर बात में ढेर सारे सवाल करते हैं। वे हर उस बात को तब-तक पूछते रहते हैं जब-तक उन्हें संतुष्ट करने वाला जवाब नहीं मिल जाता। उन्हें कोई मतलब नहीं होता कि कोई बार-बार पूछने पर उनके बारे में क्या सोचता है वे केवल पूछे जाते हैं जो उनके ज्ञान प्रसार में सहायक होता है। जिज्ञासा ज्ञानार्जन की बुनियादी शर्त है। इसी तरह यदि हम स्वयं में जिज्ञासा की भावना का विकास करेंगे तो इससे हम अपने ज्ञान को बढ़ाकर, नित नए अनुभवों को समझने व जानने के लिए खुद को तैयार भी कर पाएंगे।

## मस्ती का गुण

बच्चे हर छोटे-से-छोटे काम में खुशी को ढूंढ लेते हैं। चाहे वह मम्मी से पहले खाना ख़त्म करना हो या पानी लाकर दे देना। वे हर गतिविधि को एक खेल के नज़रिए से देखते हैं और उसे पूरा करके एक काम को पूरा करने जैसी अनुभूति करते हैं। ऐसे ही हम भी अपने जीवन में अतिरिक्त गंभीरता को त्यागकर थोड़ा खिलंदड़पन ले आएं, तो न सिर्फ़ किसी काम को बेहतर तरीक़े से कर पाएंगे बल्कि हर काम में आनंद की अनुभूति भी कर पाएंगे।

## जुड़े रहने का गुण

चलना सीखना हो, साइकल चलाना या ब्लॉक बनाना, बच्चे बहुत ही एकाग्र होकर हर काम को मन लगाकर करते हैं। वे हर काम को एक चुनौती की तरह लेते हैं और तब तक जुटे रहते हैं, जब-तक उसे पूरा नहीं कर लेते। ठीक इसी प्रकार उनका ये गुण यदि बड़े स्वयं के अंदर फिर विकसित कर पाएं तो ये हमें लचीला बनाकर चुनौतियों का सामना करने और आसानी से हार न मानने के लिए प्रेरित कर सकता है।

## निडरता का गुण

बच्चे किसी भी नई चीज़ को आज़माने और जोखिम लेने से नहीं हिचकिचाते। उनके अंदर विफलता और हार का डर नहीं रहता। वे हर एक काम के सफल होने की कामना करने के बजाय हर क्षण में आनंद की अनुभूति करते हैं। यही निडरता हमें कंफर्ट ज़ोन से निकलकर नई-नई चीज़ें आजमाने के लिए तैयार कर सकती है। इसके साथ ही किसी काम के पूरा न होने पर उसकी असफलता के लिए चिंतित होने के बजाय उससे मिले अनुभवों से सीखने में मदद कर सकती है।

## खरे दिल का गुण

कहते हैं न कि बच्चे मन के सच्चे। वे किसी बात में छल-कपट जैसी चीज़ों को शामिल नहीं करते। वे अपनी भावनाओं को खुलकर और बिना किसी हिचकिचाहट के सामने रखते हैं। यदि उन्हें कोई बात अच्छी नहीं लगी तो सीधे बोल देते हैं। इसके साथ ही वे किसी की बुराई करने में भी विश्वास नहीं रखते। यही गुण यदि हम अपना लें तो खुद के साथ ईमानदार रह पाएंगे और अपनी भावनाओं को स्पष्टता से व्यक्त करना भी सीख पाएंगे।

## प्यार का गुण

बच्चों को जिससे प्यार होता है, वे उससे हिल-मिल जाते हैं। बच्चों में शुद्ध, बिना शर्त प्यार और मासूमियत होती है जो दिल को छू जाती है। इसी के चलते उनकी लड़ाइयां भी पलभर में ख़त्म हो जाती हैं। उनके इस गुण को अपनाकर हम अपनी बातचीत और व्यवहार में प्रेम, करुणा और सहानुभूति के महत्व को समझ सकते हैं। इसके साथ ही उनकी मासूमियत हमें रिश्तों को खुले ढंग से देखना और प्यार से उन्हें संजोकर रखना भी सिखाती है।

## अवलोकन से सीखने का गुण

बच्चे हर चीज़ की जानकारी या समझ अपने आस-पास मौजूद लोगों से ही लेते हैं। वे घर से सीखते हैं कि कैसे व्यवहार किया जाता है। वे जो कुछ भी देखते-सुनते हैं उसी की नक़ल करते हैं और फिर उनका वैसा ही व्यवहार बनता जाता है। उनके अवलोकन करके सीखने का गुण हमें सचेत कर सकता है। यह हमारे व्यवहार और कार्यों को ऐसा विकसित करने में मदद करेगा, जिसके ज़रिए हम अपने व्यक्तित्व को दूसरों के लिए एक सकारात्मक उदाहरण के रूप में पेश कर सकते हैं।



# घर में नकारात्मक ऊर्जा और पैसों की कमी का कारण बनती हैं किचन में गई यह छोटी-मोटी गलतियां

**हर महिला अपना ज्यादातर समय किचन में ही गुजारती है। महिलाएं अपने परिवार के लिए हेल्दी और स्वादिष्ट खाना बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ती। टेस्टी खाना बनाने के साथ-साथ महिलाएं किचन की साफ सफाई का भी पूरा ध्यान रखती है लेकिन इसके बावजूद भी वो अनजाने में कुछ गलतियां कर देती है। आपके द्वारा की गई यह छोटी-मोटी गलतियां घर में नकारात्मक ऊर्जा और पैसों की कमी का कारण बन सकती है। इसके अलावा कुछ गलतियों के कारण आपके परिवार की हेल्थ पर भी असर पड़ता है। आज हम आपको ऐसी ही कुछ गलतियों के बारे में बताने जा रहें है जो महिलाओं को नहीं करनी चाहिए।**

- दूध उबालते समय उसे धीमी आंच पर रख कर पकाएं। क्योंकि दूध उबलने से घर में नकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इसके अलावा इससे पैसों की कमी की भी होती है और परिवार के लोग भी बीमार रहने लगते हैं।
- आज के इस स्टैंडिंग किचन के जमाने में महिलाएं स्लैब पर ही रोटी बेल लेती हैं लेकिन इसका गलत असर सेहत पर पड़ता है। इसलिए रोटी हमेशा लकड़ी के चकले पर ही बेल कर बनाएं। इससे धन लाभ के साथ-साथ बीमारियां भी दूर होंगी।
- रसोई घर को मां अन्नपूर्णा माना जाता है। इसलिए कोई भी काम करने के बाद किचन को साफ जरूर करें। इसके अलावा गैस को भी कभी गंदा न रखें। इससे घर में दलिद्रता फैलती है।
- रसोई की सजावट करने के लिए आप श्री कृष्णा का मक्खन खाते हुई कोई तस्वीर लगा सकते है। इससे किचन के साथ घर में भी सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।
- घर का मेन गेट और किचन को कभी भी आमने-सामने न बनाएं। इससे घर में पाचन संबंधी बीमारियां फैलती है। किचन को हमेशा मेन गेट से दूर बनाएं और उसे हमेशा ढक कर रखें।








# सावन में पहनें राजस्थानी साड़ी

भारत में प्राचीन काल से ही महिलाएं साड़ी पहनती आ रही हैं। हालांकि, ज्यादातर महिलाएं साड़ी केवल किसी खास फंक्शन या तीज-त्योहार पर पहनती हैं। भारत में आपको साड़ी की कई वैरायटी मिल जाएंगी। राजस्थानी से लेकर बनारसी साड़ी तक, आपको राज्य के अनुसार भी साड़ियों के अलग-अलग डिजाइन मिलेंगे। सावन के इस पवित्र मौके पर महिलाएं साड़ी पहनती हैं। अगर आप चाहती हैं कि सावन में साड़ी में सबसे खूबसूरत लगे तो इसके लिए आपको राजस्थानी साड़ी पहननी चाहिए। राजस्थान की साड़ियां दुनियाभर में मशहूर हैं। यह साड़ियां देखने में बेहद खूबसूरत लगती हैं। साथ ही आपको एक नहीं कई अलग-अलग डिजाइन और कपड़े में साड़ी मिल जाएंगी।

## ऑरेंज एंड पिंक साड़ी

राजस्थान की सबसे फेमस साड़ी बंधनी महिलाओं के बीच काफी पॉपुलर है। इसका डिजाइन बेहद सुंदर होता है। आप सावन में ऑरेंड एंड पिंक कलर की शिफॉन बंधनी साड़ी पहन सकती हैं। हैवी बॉर्डर के साथ बंधनी प्रिंट और भी ज्यादा खूबसूरत लगता है। साड़ी से मैच करता हुआ ब्लाउज पहनें। डार्क लिपस्टिक और झुमके से अपने लुक को कंप्लीट करें। अगर आप ठेठ राजस्थानी लुक पाना चाहती हैं बोरला पहनें। इस साड़ी को सीधे पल्ला लेकर ड्रेप करें।

## ब्लू शिफॉन साड़ी

अगर आप सावन में सिंपल के साथ-साथ लाइट वेट साड़ी पहनना चाहती हैं तो राजस्थानी स्टाइल लहरिया साड़ी पहनें। लहरिया साड़ी में लाइनिंग डिजाइन होता है। इस साड़ी को पहन आपको एलिगेंट लुक मिलेगा। सावन में ब्लू कलर की साड़ी पहनें। इसके साथ पिंक कलर का ब्लाउज पेयर करें। लो बन के साथ हैवी ईयररिंग्स पहनें। हालांकि, आप डिफरेंट ड्रेपिंग स्टाइल अपनाकर अपने लुक में डिफरेंट टच एड कर सकती हैं।

## पिंक कोटा साड़ी

राजस्थान में रेशम, कोटा और कपास की खेती होती है। इसलिए यहां की कोटा साड़ियां दुनियाभर में मशहूर है। आप सावन के महीने में कोटा साड़ी पहन सकती हैं। खासतौर पर पिंक कलर की साड़ी बेहद सुंदर लगती है। आप ऐसी साड़ी खरीद सकती हैं, जिसके बार्डर में धागे से कढ़ाई की हो। यह साड़ी बेहद हल्की होती है, इसलिए आप इसे आसानी से वियर कर सकती हैं। पिंक कोटा साड़ी के साथ व्हाइट कलर का फुल स्लीव्स ब्लाउज पहनें। सिंपल जुड़ा बनाएं और गुलाब का फूल लगाकर अपनी खूबसूरती को बढ़ाएं। ज्वेलरी में आप ऑक्सीडाइज्ड ईयररिंग्स पहन सकती हैं।

## पर्पल क्रेप सिल्क साड़ी

आप राजस्थान की फेमस साड़ी डिजाइन चुनरी के बारे के बारे में तो जरूर सुना होगा? अगर नहीं तो बता दें कि महिलाएं इस डिजाइन की साड़ियां पहनना पसंद करती हैं। आपको इस साड़ी में सिंपल से लेकर हैवी डिजाइन तक मिल जाएंगे। लेकिन सावन में आप पर्पल कलर की क्रेप सिल्क साड़ी पहन सकती हैं। डिफरेंट लुक के लिए साड़ी के साथ कॉन्ट्रास्ट ब्लाउज पहनें। खुले बाल और राजस्थानी स्टाइल ज्वेलरी कैरी करें। आप साड़ी को राजस्थानी स्टाइल में ड्रेप कर सकती हैं।



# मंत्री ने स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के मंडलीय अधिकारियों के साथ की समीक्षा

## नोएडा की तर्ज पर किया जा रहा बुंदेलखंड का औद्योगिक विकास

**जीरो टॉलरेंस की नीति सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता**

**निबंधन कार्यालय में डीड राइटर की कार्यप्रणाली पर रखी जाए विशेष निगरानी**

**निबंधन कार्यालय में बिचौलियों का प्रवेश पूर्ण रूप से वर्जित रखा जाए**

**स्टांप वेंडर योजना का व्यापक स्तर पर किया जाए प्रचार प्रसार - मंत्री, स्टांप तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग।**



**झाँसी।** राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार स्टांप तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग उत्तर प्रदेश श्री रविंद्र जायसवाल की अध्यक्षता में झांसी मंडल के अधिकारियों के साथ विभागीय समीक्षा बैठक सर्किट सभागार में आयोजित की गई।बैठक में उप महानिरीक्षक, निबंधन, श्री पी0डी0 मिश्रा ने झांसी मंडल के तीनों जनपदों की प्रगति के बारे में बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में स्टाम्प शुल्क के अंतर्गत जनपद झांसी में 82 प्रतिशत जनपद ललितपुर में 81ः एवं जनपद जालौन में 84ः की डॉक्युमेंट्री हुई है। उन्होंने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा जनता के लिए रक्त संबंध में दानपत्र निबंधन हेतु 05 हजार रुपए स्टाम्प शुल्क का प्रावधान किया गया है। माह अगस्त 2023 से माह अक्टूबर 2023 तक कुल 3822 लेखपत्र रक्त संबंध से संबंधित दानपत्र निबंधित हुए हैं, जिनमें जनपद झांसी में कुल 1937 लेखपत्र, जनपद जालौन में कुल 1007 लेखपत्र एवं जनपद ललितपुर में कुल 878 लेखपत्र रक्त संबंध से संबंधित दानपत्र निबंधित हुए हैं।बैठक में माननीय मंत्री जी ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रदेश के मुखिया माननीय मुख्यमंत्री जी की मंशानुरूप बुंदेलखंड में औद्योगिक क्षेत्र का विकास नोएडा की तर्ज पर किया जा रहा है, जिससे यहां के निवासियों को रोजगार के लिए अपने परिवार से दूर होकर बड़े शहरों में पलायन न करना पड़े तथा यहां के युवाओं को अपने क्षेत्र में ही रोजगार प्राप्त हो सके एवं वह अपना विकास कर देश एवं समाज की उन्नति में सहयोगी बन सकें। उन्होंने कहा कि जीरो टॉलरेंस की नीति सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शुमार है जिसके अंतर्गत झांसी मंडल के समस्त निबंधन कार्यालय में आधुनिक प्रवृति के सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं, जिनकी निगरानी शासन स्तर से की जाएगी। उन्होंने कहा कि निबंधन कार्यालय में डीड राइटर की कार्यप्रणाली एवं बिचोलियों की भूमिका पर विशेष निगरानी रखी जाए। माननीय मंत्री जी ने रजिस्ट्री विभाग के अधिकारी कर्मचारी को निर्देशित करते हुए कहा कि वह सरकार की जीरो टॉलरेंस की नीति का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करें, अन्यथा की स्थिति में संबंधित के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने बताया कि बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी के लिए इस क्षेत्र के 23 ग्रामों में 6000 हेक्टेयर भूमि को अधिग्रहण कर नोएडा की तर्ज पर बुंदेलखंड क्षेत्र में औद्योगिक विकास किया जा रहा है। औद्योगिक निवेश के तहत जनपद झांसी की तहसील गरौठा में डिफेंस कॉरिडोर का निर्माण कराया जा रहा है। झांसी मंडल की तहसील गरौठा, टहरौली, तालबेहट, जालौन एवं कोंच में सोलर पावर इंडस्टरीज स्थापित करने की दिशा में तेजी से कार्य किए जा रहा हैं, जिसके फ्लस्वरुप बुंदेलखंड क्षेत्र में 12250 करोड रुपए का निवेश होगा। सूक्ष्म मध्य एवं लघु उद्योग के लिए जनपद झांसी में 18 कंपनियों द्वारा 114 करोड रुपए का निवेश किया जा रहा है, जिससे इस क्षेत्र के निवासियों को रोजगार के साथ-साथ विकास के नवीन अफ्सर भी प्राप्त हो सकेंगे। निजी औद्योगिक पार्कों के विकास परियोजना प्लेज के अंतर्गत पार्क का विकास झांसी के द्वारा क्षेत्र में 10.50 एकड़ की भूमि पर रानी लक्ष्मीबाई प्लेज पार्क का विकास किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृण होने के पश्चात बुंदेलखंड क्षेत्र में औद्योगिक दृष्टि से विकास के वातावरण का उद्भव हुआ है, जिससे शीघ्र ही बुंदेलखंड क्षेत्र में नवीनतम औद्योगिक इकाइयों की स्थापना होगी। वर्तमान सरकार के सत्ता में आने के पश्चात यहां पर राजस्व प्रगति में दोगुनी वृद्धि हुई है। इस समय उत्तर प्रदेश के भीतर बैनामा के अतिरिक्त सर्वाधिक डॉक्यूमेंटेशन हुआ है, जिसका लाभ आम जनता को तीव्रता के साथ प्राप्त हो रहा है। बैठक में मा0 मंत्री जी ने उप महा, निबंध को निर्देश दिए कि सरकार की ष्स्टांप वेंडर योजनाष् का विद्यालयों में कैम्प के माध्यम से प्रचार प्रसार कराएं। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्रार कार्यालय में बिचौलियों कब प्रवेश पूर्ण रूप से वर्जित करें साथी किसी भी प्रकरण में बिचौलियों की भूमिका संज्ञान में आने पर संबंधित के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित करें।समीक्षा बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री वरुण कुमार पांडेय, सहायक निरीक्षक, निबंधन श्री प्रवीण कुमार, अपर जिला सूचना अधिकारी श्री सुरेंद्र पाल सिंह सहित निबंधन विभाग के अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।



## जी आर पी व आर पी एफ़ पुलिस ने 31 लाख 85 हजार रुपये नगद जब्त किए

**मऊरानीपुर / संजीव तिवारी**

वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेल्वे स्टेशन पर जीआरपी व आरपीएफ ने चौकिंग के दौरान गोंडवाना एक्सप्रेस ट्रेन में एक व्यक्ति को 31 लाख 85 हजार रुपए के साथ गिरफ्तार कर आयकर विभाग के किया हवाले आपको बता दे झांसी वीरांगना लक्ष्मीबाई रेलवे स्टेशन पर मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव को देखते हुए आरपीएफ की क्राइम विंग और जीआरपी की संयुक्त टीम ट्रेन और प्लेटफार्म पर लगातार चेकिंग कर रही है। चेकिंग के दौरान गोण्डवाना एक्सप्रेस के जनरल बोगी से एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर उसके कब्जे से 31 लाख 85 हजार रुपए बरामद किए है। संतोष चोटवानी नाम का यह व्यक्ति अवैध रूप से एक बैग में रखे कागज के गत्ते में 31 लाख 85 हजार रुपए लेकर भोपाल से दिल्ली जा रहा था। बरामद रुपए को लेकर वह कोई साक्ष्य नहीं दिखा सका। पुलिस ने रूपयों के साथ व्यक्ति को भी आयकर विभाग के हवाले कर दिया।जानकारी के अनुसार जीआरपी के क्षेत्राधिकारी नईम खान मंसूरी ने बताया कि वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी रेलवे स्टेशन पर जीआरपी और आरपीएफ क्राइम विंग की टीम द्वारा चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान गोंडवाना एक्सप्रेस के जनरल बोगी में एक व्यक्ति संदिग्ध दिखाई दिया जो पुलिस को देखकर डर गया। जब पुलिस द्वारा उस व्यक्ति से पूछताछ के दौरान उसके बैग की तलाशी ली गई तो उसके बैग से 31 लाख 85 हजार रुपया मिला। इसके बारे में वह व्यक्ति कोई संतोषजनक उत्तर नहीं दे सका। इसके बाद आयकर विभाग को सूचित कर उक्त व्यक्ति को रुपयो सहित हवाले कर दिया गया। इस संबंध में अग्रिम कार्रवाई आकर विभाग द्वारा की जा रही है।

## बुद्ध अम्बेडकर सामान्य ज्ञान परीक्षा सम्पन्न



**मऊरानीपुर / संजीव तिवारी**

आज दिनांक 5 नवंबर 2023 को भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा बुद्ध अंबेडकर सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन प्रदेश स्तर पर किया गया।इसी क्रम में नगर मऊरानीपुर में इस परीक्षा का आयोजन केन पब्लिक स्कूल खरकसानी मऊरानीपुर परीक्षा केंद्र पर किया गया। लिखित परीक्षा में कक्षा 6 से 8 व 9 से 12 तक के दर्जनों छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।परीक्षा प्रश्न पत्र में वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे गए।केंद्र व्यवस्थापक दशरथ चौधरी, कक्ष निरीक्षक मनीष कुमार अध्यापक व हरीश कुमार चौधरी रहे। पर्यवेक्षक व मंडल सदस्य भगवान दास बौद्ध ने बताया कि इस परीक्षा का उद्देश्य बच्चों को प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना व उनके ज्ञान में वृद्धि करना है।परीक्षा में स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र, शील्ड व मेडल आदि प्रदान करके जिलास्तरीय कार्यक्रम में पुरस्कृत भी किया जाएगा। इस दौरान आयोजक मंडल में कालका प्रसाद, बाबूराम प्रवक्ता,सुरेश कुमार,अखिलेश कुमार,योगेंद्र कुमार, शिवांगी वर्मा, गोविंद दास आजाद,हेमंत कुमार आदि ने बच्चों के लिए वाहन सुविधा परीक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

## गाली गलौज कर जान से मारने की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया

मऊरानीपुर ग्राम स्यावरी निवासी बृन्दाबन श्रीवास पुत्र परशुराम श्रीवास ने कोतवाली प्रभारी को प्रार्थना पत्र देकर बताया मेरे पड़ोसी आये और बे बजह गाली गलोज करने लगे गाली देने से मना किया तो बेबजह मेरी मारपीट कर दी प्रार्थना के आधार पर कोतवाली पुलिस ने इदरे , भगोले सोनू पुत्र ईदरे श्रीमती उषा पत्नी ईदरे के बिरुद्ध धारा 323,504,506,के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया

# मैं हूं ना वोटर लिस्ट में, जिम्मेदार बने-भागीदार बनें

**आप भी मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज करवाएं,वोटर आईडी कार्ड जरूर बनवाएं**

**विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के लिए चलाया जा रहा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान**

**अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2024 के आधार पर बनेंगे मतदाता**

**आयोग द्वारा विशेष तिथियों में मतदाता सूची में पंजीकरण कराने हेतु सभी मतदेय स्थलों पर लगेगा विशेष अभियान**

**25 व 26 नवंबर एवं 02 व 03 दिसंबर 2023 को चलेगा विशेष अभियान, बीएलओ रहेंगे बूथ पर मौजूद**

**युवा वर्ग के मतदाताओं से मतदाता बनने की अपील, 05 जनवरी 2024 को होगा निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन**

**अभियान को सफल बनाने के लिए भागीदार बने, जिम्मेदार बनें-रूजिला निर्वाचन अधिकारी**



**झाँसी।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्री अविनाश कुमार ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के 05 नवंबर विशेष अभियान के अंतर्गत आदर्श जनप्रिय इंटर कॉलेज टहरौली में मतदेय स्थल 32, 33 एवं 34 का वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के साथ निरीक्षण किया।उन्होंने उपस्थित बीएलओ से कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति जो 18 वर्ष से ऊपर का है उसका वोटर लिस्ट में नाम नहीं छूटना चाहिए, उसका वोटर आईडी अवश्य बने। जो मृतक व्यक्ति हैं उनका वोटर लिस्ट से नाम हटाया जाना चाहिए, वोटर लिस्ट में कोई भी त्रुटियां है,अशुद्धियां हैं उसके लिए फार्म 08 अवश्य भरवाएं और उन्हें दूर करें।बूथ का निरीक्षण करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कार्यक्रम के अनुसार अर्हता तिथि 01 जनवरी, 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान 27 अक्टूबर से 09 दिसम्बर, 2023 तक मतदाता बनने के लिए दावे और आपत्तियॉं (फार्म-6, 6ए, 7 व 8) ली जायेंगी। मतदाता सूची के आलेख्य प्रकाशन अवधि में छह विशेष अभियान तिथियां, जिसमें 04 नवम्बर, 05 नवम्बर, 25 नवम्बर, 26 नवम्बर, 02 दिसम्बर तथा 03 दिसम्बर, 2023 निर्धारित हैं। इन विशेष तिथियों पर सभी मतदेय स्थलों पर विशेष अभियान चलाकर मतदाता बनने हेतु पंजीकरण किया जाएगा। उन्होंने ताकीद करते हुए कहा कि विशेष स्थितियों में समस्त बीएलओ अपने मत दिए स्थल पर उपस्थित रहे लापरवाही अथवा शिथिलता बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने उन्होंने कहा कि दिनांक 01 जनवरी 2024 को जो लोग 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं, उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए और जो मतदाता सूची में अन्य आवश्यक संशोधन करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने विशेष पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी किया है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि यदि उनका नाम मतदाता सूची में नहीं है, या उसमें कोई संशोधन करना चाहते हैं, वह संबंधित बीएलओ से संपर्क कर सकते हैं अथवा जो ऑनलाइन पोर्टल है, उसके माध्यम से भी संशोधन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे सभी विद्यार्थी जिन्होने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके हैं, उन सभी विद्यार्थियों का वोटर लिस्ट में नाम होना चाहिए। उन्होने कहा कि ऑनलाइन माध्यम से भी पोर्टल पर जाकर पंजीकरण करा सकते हैं। यह अभियान इसलिए चलाया जा रहा है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा सके।उन्होंने कहा कि भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य है, हमारी पहचान डेमोक्रेसी से है, इस देश का कोई भी नागरिक किसी भी पद पर जाने की इच्छा रख सकता है तथा उसके सपने देख सकता है। उन्होने कहा कि जब हमारा नाम मतदाता सूची में सम्मिलित रहेगा, तभी हम अपने हिसाब से सोच समझ कर अच्छे व्यक्ति का चुनाव करके अपने देश को चलाने के लिए सरकार का चयन अपने वोट के माध्यम से कर सकेंगे, इसके लिए आधिकाधिक संख्या में अपना नाम वोटर लिस्ट में सम्मिलित कराएं।उन्होंने ने कहा कि हर वह व्यक्ति जो 18 वर्ष के ऊपर हैं, उसका नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाए तथा ऐसे व्यक्ति जो किन्हीं कारणों से मतदाता सूची में नहीं है, या उनकी मृत्यु हो गई है अथवा उनका नाम एक से अधिक जगहों पर हो या जिस जगह पर उनका नाम मतदाता सूची में है, वह उस जगह पर नहीं रहते हैं, उनका हमें शुद्ध करना है और इसमें बहुत बड़ी भूमिका हमारे बूथ लेवल ऑफिसर्स की है। उन्होंने कहा कि वोटर लिस्ट में जब आपका नाम दर्ज होता है तो आपको एक पहचान मिलती है, एपिक कार्ड का अनेक स्थानों पर उपयोग किया जा सकता है।

## बाबरपुर अजीतमल में दसवां भव्य रामलीला महोत्सव का आयोजन

अजीतमल औरैया। अजीतमल तहसील क्षेत्र अंतर्गत बाबरपुर कस्बे में वीरांगना अवंती बाई शिशु माध्यमिक विद्यालय के प्रागढ़ में हर वर्ष की भांति इस वर्ष दसवां भव्य रामलीला महोत्सव का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के आयोजक सत्यनारायण सक्सेना ने किया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि विश्वजीत प्रताप सिंह उर्फसोनू सेंगर ने कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम का संचालन रामकुमार जैन व रविंद्र नाथ शास्त्री ने किया। इसमें समस्त नगरवासी एवं क्षेत्रवासियों को यह जानकर हर्ष होगा कि गत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी विद्यानगर भटा रोड वीरांगना अवन्ती बाई शिशु मा0 विद्यालय के प्रांगण में विशाल धनुष यज्ञ का आयोजन हुआ।जिसमें कानपुर महानगरए एवं बुन्देलखण्ड से उच्च कोटि के कलाकार। अतः आप सभी लोगों से विनम्र निवेदन है कि अपने इष्ट मित्रों सहित पधार कर रामलीला का आनन्द लियाए और जीवन को सफल बनाएं।

## ग्राम पठा ढकरवारा में खेत पर लगे आम के पेड़ से गिरने से 45 वर्षीय किसान की उपचार के दौरान हुई मौत

**मऊरानीपुर / संजीव तिवारी**



जानकारी के अनुसार मऊरानीपुर तहसील की देवरी चौकी अंतर्गत आने वाले ग्राम पठा ढकरवारा निवासी किसान विनोद साहू पुत्र हरनारायण साहू उम्र 45 वर्ष विगत दिवस पेड़ पर चढ़कर बिजली की डोरी डाल रहा था। उसी समय आम के पेड़ से उसका पैर फिसल गया। और वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों द्वारा घायल किसान को आनन फानन में उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मऊरानीपुर लाया गया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज झांसी में उपचार के दौरान उक्त किसान ने दम तोड़ दिया। और आज परिजन मृतक किसान को मऊरानीपुर वापस लाएं। जहां पर घटना की सूचना मऊरानीपुर कोतवाली पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही जानकारी मिलने पर उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिवनारायण सिंह परिहार मौके पर पहुंचे। और परिजनों को ढाढ़स बंधाते हुए हर संभव मदद की बात कही। और घटना की जानकारी फोन के माध्यम से मऊरानीपुर उपजिलाधिकारी मऊरानीपुर को दी। उपजिलाधिकारी ने आश्वासन देते हुए कहा की, जांच करवाकर हर संभव मदद मृतक किसान के परिजनों की, की जाएगी। और किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने मृतक किसान के परिजनों की पीड़ा को देखते हुए शासन व प्रशासन एवं माननीय मुख्यमंत्री जी से अविलंब मृतक किसान के परिजनों को 5 लाख रुपये की आर्थिक मदद दिलवाए जाने की मांग की हैं। इस मौके पर किसान सेवक शेखर राज बडोनिया, पूर्व प्रधान हरेंद्र साहू, रामसेवक, प्यारे

## उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल( पू0मा0 ) शिक्षक संघ की बैठक आहूत हुई

ललितपुर ब्यूरो सूरज सिंह राजपूत जिलाध्यक्ष पं नीरज कुमार चतुर्वेदी की अध्यक्षता में आहूत बैठक को सम्बोधित करते हुए अवगत कराया कि पुरानी पेशन बहाली संयुक्त मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवगोपाल मिश्रा प्रान्तीय अध्यक्ष श्रीमान हरिकिशोर तिवारी एव उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल पू मा शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व मे पुरानी पेशन बहाली हेतु प्रस्तावित महा हड़ताल करने के लिए जनपद के शिक्षक कर्मचारियों से ब्लांक स्तर21 नम्वर 2023 तक शत प्रतिशत सहमति पत्र भरवाकर पुरानी पेशन बहाली संयुक्त मंच के तत्वावधान मे जनमत संग्रह कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की बैठक मे प्रदेश स्तर से प्राप्त सहमति प्रपत्र संगठन के जिला कार्यकारिणी ब्लाक कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों को अपने अपने ब्लाक स्तर पर निर्धारित तिथि तक अभियान चलाकर पुरानी पेशन बहाली हेतु सहमति पत्र भरवाकर प्रदेशीय नेतृत्व तक भेजने का कार्य आगामी दिनो किया जाने पर विचार विमर्श किया गयाबैठक मे ब्लांक मंत्री प्रमोद सैनी ने शिक्षको से कहा साथियो अभी नही तो कभी नही जनपद के शिक्षको से अपील करते हुए कहा।। पुरानी पेशन बहाली संयुक्त मंच के द्वारा प्रस्तावित महा हडताल सहमति अभियान मे शिक्षक कर्मचारी हित मे दलीय एव सांगठनिक सीमाओं को तोड़कर अभियान मे शत प्रतिशत प्रतिभाग करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की बैठक मे मण्डलीय पदाधिकारी रमेशचन्द्र रजक, वेदराम प्रजापति नीरज कुमार चतुर्वेदी महामंत्री श्री नारायण दास ब्लाक अध्यक्ष कमलाकांत राही, प्रदीप सोनी, मनीष सहाय सक्सेना, मंत्री प्रमोद सैनी, कोषाध्यक्ष बृजेश कुमार तिवारी, धर्मेन्द्र पुरोहित, उदयवीर सिह एवं संगठन के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे

## युवक ने रिश्तेदारो पर बाइक व मोबाइल छीनने और मारपीट करने का लगाया आरोप

कोंच(उरई)। कोतवाली अन्तर्गत मोहल्ला गोखले नगर में एक युवक ने अपनी रिश्तेदारी पर ही बाइक व मोबाइल छीनने और मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत कार्रवाई की गुहार लगाई है। रेंढर थाना अंतर्गत ग्राम बुढावली निवासी मिथुन वाल्मीकि ने पुलिस को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि रविवार को वह अपनी बुआ के घर पर आया हुआ था और जब वह उनके घर से एक अन्य घर पर गया तो उसका मोबाइल गायब हो गया जिसको लेकर वह दो बार अपनी बुआ के घर पर गया और उनकी लड़की से कहा कि मेरा मोबाइल यहां छूट गया है जिसको लेकर बुआ के लड़के ने बेवजह ही उसके साथ मारपीट कर दी और मेरी नई अपाचे बाइक एवं मोबाइल छीनकर रख लिया और झगड़े पर आमादा हो गए जिसको लेकर पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई कर मोबाइल फोन बाइक वापस दिलाए जाने की मांग की है।

## क्षत्रिय कल्याण परिषद का दशहरा मिलन कार्यक्रम संपन्न

भरुआ सुमेरपुर। कस्बे के शिव मैरिज लाइन में आयोजित अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद के दशहरा मिलन कार्यक्रम में शस्त्र एवं अश्व पूजन के उपरांत संपन्न हुई विचार गोष्ठी में वक्ताओं ने समाज को संगठित रहने का आवाहन किया। अखिल भारतीय क्षत्रिय कल्याण परिषद द्वारा आयोजित दशहरा मिलन कार्यक्रम में शस्त्र एवं अश्व पूजन के बाद आयोजित विचार गोष्ठी को परिषद के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व विधायक गंगा सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज को संगठित होने की जरूरत है। जब तक समाज संगठित और शिक्षित नहीं होगा तब तक समाज आगे नहीं बढ़ सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे भाजपा नेता दिलीप सिंह ने कहा कि समाज तभी मजबूत और संगठित होगा जब शिक्षित होगा। इसलिए समाज को शिक्षित करने में विशेष ध्यान दिया जाए। शिक्षा में बेटे और बेटी के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। गोष्ठी को आईजी रणजीत सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख शुभकरण सिंह परिहार, लल्ला सिंह चंदेल, भाजपा नेता शिवशंकर सिंह खन्ना, राजा सूबेदार सिंह चौहान, प्रदेश सचिव जयकरण सिंह, जिलाध्यक्ष विक्रम सिंह चंदेल, युवा जिलाध्यक्ष समर प्रताप सिंह ने संबोधित किया। संचालन बुंदेलखंड प्रभारी शशिप्रताप सिंह ने किया। विचार गोष्ठी में क्षत्रिय समाज के सैकड़ो गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## राजकीय आईटीआई सरीला प्राचार्य पर सरकारी बजट के धांधली का आरोप

हमीरपुर। गोहांड ब्लॉक के करौंदी गांव निवासी एक युवक ने मुख्यमंत्री जिलाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर राजकीय आईटीआई सरीला के प्राचार्य पर वर्ष 2016 से 2022 तक विभागीय बजट के दुरुपयोग का आरोप लगाकर जांच की मांग की है। गोहांड ब्लाक के करौंदी गांव निवासी योगेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी सहित आधा दर्जन अधिकारियों को भेजे शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि राजकीय आईटीआई के प्राचार्य एमके सिंह ने वर्ष 2016 से वर्ष 2022 तक विभागीय बजट का मनमानी तरीके से आहरण करके दुरुपयोग किया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि टेंडर प्रक्रिया में हेराफेरी करके निश्चित फर्मों का चयन करके मनमानी दरों पर सामान की आपूर्ति कराकर भुगतान किया गया है। भुगतान में विभागीय कार्यवाही का अनुपालन नहीं कराया गया तथा बिलों को अनियमित रूप से कोषागार में प्रस्तुत कर 16 करोड़ का भुगतान कराकर घोटाला किया गया है। वर्ष 2016 में गैर विभागीय प्रशिक्षण कौशल विकास का 23 लाख का गबन किया गया है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि बिना कर्मचारी की तैनाती के लाखों रुपए का भुगतान करके गवन किया गया है। शिकायतकर्ता ने मुख्यमंत्री सहित सभी अधिकारियों से जांच कराकर प्राचार्य के खिलाफकार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ता ने शिकायत के साथ फर्जी भुगतान के साक्ष्य भी भेजे हैं। प्राचार्य हरीश कुमार मिश्रा ने बताया कि यह उनके समय का प्रकरण नहीं है। जिलाधिकारी द्वारा जांच समिति बना दी गई है। जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि घोटाला हुआ है अथवा नहीं हुआ।

## विशाल भंडारे के साथ श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

पनवाड़ी। विकासखंड क्षेत्र के छतेसर गांव स्थित श्री हनुमान मंदिर के प्रांगण ने चल रही श्रीमद् भागवत कथा के सातवें दिन शनिवार को कथा व्यास पंडित रमाकांत कौशिक यज्ञाचार्य विवेक तिवारी मृदुल कृष्ण शास्त्री सुखदेव शास्त्री द्वारा वेद मंत्रोचारण के साथ हवन पूजन कराया समापन पर आयोजन कर्ता भक्तो द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमे छतेसर पनवाड़ी कौनिया जमाला सहित आधा दर्जन गांवों के लोगों ने मंदिर में पहुंच कर भंडारा छका और हनुमान जी महाराज के श्री चरणों में माथा टेक कर आशीर्वाद लिया तो वही सुबह से ही पारीछत बने प्रधानाचार्य देवेंद्र नारायण तिवारी एवं पत्नी रितु तिवारी ने सभी कन्याओं के पैर धूल कर कन्या भोज कराया उसके बाद देर रात्रि तक भंडारा चलता रहा इस मौके पर राठ नगरपालिका अध्यक्ष श्री निवास बुधौलिया कुलपहाड़ नगर पंचायत अध्यक्ष वैभव अरजरिया डॉ राजेंद्र तिवारी डॉ अरविंद डॉ पंकज अमित राजबहादुर तिवारी रामसिंह डॉ प्रियंका भारत सिंह लोधी पप्पू रैकवार सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## चुनाव जीतने की पहली सीढ़ी है मतदाता सूची सेंगर

चरखारी महोबा निचले सदन से लेकर उच्च सदन तक मतदाता ही सर्वोपरि है लेकिन अगर उसका नाम मतदाता सूची में शामिल नहीं है और वह अपने अधिकार के प्रति उदासीन है जिसका संबंधित पर प्रभाव तों पड़ता ही है साथ लोकतानि?त्रक व्यवस्था में भी उसका सहयोग व समर्पण नगणय होता है इसके लिए जरूरी है कि जागरूकता के साथ मतादाता सूची में नाम शामिल कराएं व नामों का संशोधन कराएं। वोटर चेतना अभियन के तहत विभिन्न बूथों पर पहुंचकर वोटर लिस्ट में नाम शामिल किए जाने के लिए लोगों को जागरूकर कर उक्त उदगार विधान परिषद सदस्य ने व्यक्त किए। एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर ने 5 नवंबरए भाजपा नेतृत्व के निर्देश पर चरखारी नगर मंडल के शक्ति केंद्र वासुदेव वार्ड रूपनगर बूथ संख्या 368ए वार्ड छोटारमना बूथ संख्या 370 में वोटर लिस्ट का वाचन कर नए मतदाता बढ़वाए तथा जनसंपर्क कर नए मतदाता बढ़ाने हेतु जागरूक किया द्य उन्होने कहा कि हमारा हर बूथ मजबूत है लेकिन सबसे बड़ी मजबूती यह है कि कोई भी व्यक्ति मतदाता सूची से बाहर न होष् किसी का नाम गलत अंकित न हो। इसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा प्रक्रिया प्रारम्भ की गयी है तथा हर बूथ पर शिविर लगाते हुए नाम संशोधनष् विलोपनष् नए नाम शामलि किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। बूथों के निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान के दौरान नगर मंडल अध्यक्ष श्री रजनीश गुप्ता जीएउपाध्यक्ष श्री छत्रपाल सिंह बुंदेला जीए श्री अमित पटेरिया जीएश्री नारायण घोष जीए युवराज सिंहए सभासद श्री गर्जन सिंह जीएश्री अभिषेक चौबे जीए के साथ अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों की समस्याओं को भी सुना समाधान हेतु आश्वस्त किया स

स्वामी ,मुद्रक, प्रकाशक,सुनील कुमार मिश्रा द्वारा श्री बालाजी प्रिंटर्स उरई,जालौन से मुद्रित एवं सिविल लाइन, झाँसी से प्रकाशित। **प्रधान संपादकः मंगल सिंह सेंगर।** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र झांसी रहेगा।)
रजिस्ट्रेशन नं. यूपी एचआईएन /2015/ 64 737 :- फ़ोन 0510-260215 फैक्स 05102450333 मो. 9795775760